हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 29 अगस्त 2024

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

10
कोसरिया यादव समाज की मांगों को सीएम तक रखूंगा- स्वास्थ्य मंत्री





B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि - 30/08/24

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
98062 87706
Website : ssscn.ac.in

# मिलरों ने उठाया करोड़ों का सरकारी धान, नहीं दिया 18 लाख क्विंटल चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिले में कस्टम मिलिंग का बंटाढार हो गया है। कस्टम मिलिंग में तय प्रावधान के तहत मिलरों ने धान के बदले एफसीआई और नान में चावल ही जमा नही किया है। कस्टम मिलिंग नीति के तहत धान खरीदी के बाद मार्च तक उठाव और पूरा चावल बारिश के पहले जमा कराना होता है। लेकिन जिले के मिलरों ने करीब 18 लाख क्विंटल चावल एफसीआई और नान में जमा नही किया है। ऐसी आशंका है कि, मिलरों ने हर साल की तरह सरकारी धान को महंगे दर पर बेच दिया है।

हांलाकि इधर मिलरों का कहना हैं कि, एफसीआई में उन्हें स्टेग के लिए जगह उपलब्ध नही कराया जा रहा है। जिसके कारण नान से ज्यादा चावल एफसीआई में जमा नही हो पा रहा है। जानकारी अनुसार जिले के मिलरों को 14 लाख क्विंटल से अधिक चावल एफसीआई और करीब तीन लाख हजार क्विंटल चावल नान में जमा करना है। खरीफ 2023-24 के कस्टम मिलिंग के तहत जिले के मिलरों ने दुर्ग, बेमेतरा और बालौद सहित अन्य जिलों से करीब 93 लाख 92 हजार 38 क्विंटल धान का उठाव किया था। जिसमें (67 फीसदी) चावल जमा करना था। जिले के मिलरों द्वारा उठाए गए धान के मुकाबले 63 लाख 87 हजार क्विंटल चावल जमा करना था। लेकिन वर्तमान में मिलरों ने सिर्फ 49 लाख 16 हजार क्विंटल चावल ही जमा किया है। ऐसे में मिलरों से 14 लाख 70 हजार क्विंटल चावल जमा करना शेष है।

## 28 सौ करोड़ का धान उठाए मिलर, 490 करोड़ से अधिक का चावल जमा नहीं

### गोदाम में जगह नही होने का हवाला

खाद्य नियंत्रक सीपी दीपांकर का कहना है कि, कस्टम मिलिंग के तहत चावल जमा करने के लिए एफसीआई के बाद स्पेस नही है। उन्होने बताया कि, स्टेग के लिए जगह उपलब्ध नही होने के कारण चावल जमा करने में परेशानी हो रही है। जिसका मिलर भी जमकर फायदा उठा रहे है। मिलरों ने भी ऐसे सरकारी धान से चावल बनाकर बाजारों में खपा दिया है। हांलाकि प्रशासन द्वारा ऐसे मिल का भौतिक सत्यापन नही किया जा रहा हैं।



मिलरों से जमा करना हैं 18 लाख क्विंटल से अधिक का चावल

### समय पर उठाव का लाभ नहीं

दुर्ग जिले में सबसे पहले धान का उठाव हो जाता है, जो प्रदेश स्तर पर रिकार्ड है। लेकिन यहां कस्टम मिलिंग समय पर नही होने के कारण सवाल भी उठने लगते है। यहां के मिलर दुर्ग, बेमेतरा और बालोद से भी धान का उठाव करते है। लेकिन हर साल चावल जमा करने में मिलर फिसड्डी साबित होते है। एफसीआई ओर नागरिक आपूर्ति निगम में मिलरों ने सिर्फ 77 फीसदी चावल जमा किया हे। मिलरों को तीस अगस्त तक का अल्टीमेट था, लेकिन अभी तक करोडों का चावल जमा नही हो सका है।

### क्षमता के अनुसार दो से तीन माह में मिलिंग

जानकारी अनुसार जिले में करीब डेढ सौ उसना और अरवा के मिलर पंजीकृत है। इन मिलों में हर माह 29 लाख क्विंटल चावल बनाने की क्षमता है। जबकि खरीफ सीजन में मिलरो को 64 लाख क्विंटल चावल एफसीआई और नान को जमा करना है। जितनी क्षमता उपलब्ध है, उसके अनुसार अगर समय पर चावल जमा किया जाए तो ढाई माह में मिलिंग हो सकती है। लेकिन धान खरीदी के आठ माह गुजरने के बाद भी चावल जमा नही करना सवाल खडे करता है।

### स्पेस की समस्या

“ जिले के मिलरों को एफसीआई से स्टेक नही मिल रहा है। जगह नही होने के कारण टारगेट की पूर्ति नही हो पा रही है। जगह मिलते ही चावल जमा कराया जाएगा।

\- सीपी दीपांकर, खाद्य नियंत्रक, दुर्ग

## लोगों को उठानी पड़ रही है दिक्कतें

# मैत्री गार्डन चौक पर गड्ढों से राहगीरों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

बारिश की वजह से मैत्री गार्डन चौक के सड़क की हालत खराब हो गई है। यहां पर इतने गड्ढे हो गए है कि लोगों को गुजरने में काफी तकलीफ उठानी पड़ रही। जैसे ही धूप निकलती है गड्ढे. तो सूख जाते हैं लेकिन धूल इतनी उड़ती है कि लोगों का श्वांस लेना मुश्किल हो जाता है। महीनेभर से यह स्थिति है। उसके बाद भी इस रोड को सुधारा नहीं गया।



### उखर गई है पूरी डामर

मैत्रीबाग चौक के आधा किलोमीटर दायरे में सड़क ही हालत दयनीय है। यहां पर बड़े-बड़े गड्ढे.होने के अलावा आगे और पीछे के हिस्से का डामर भी उखड़ गई है। केवल बजरी के भरोसे ये सड़क है। बारिश होती है तो गड्ढों में पानी भर जाता है और वाहनों के दबाव में यह और बढ़ रहे हैं। बारिश रूकती है तो ये गड्ढे.सूख जाते हैं लेकिन यहां से धूल के गुबार पूरे समय उठते हैं। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### हजारों लोग आते हैं मैत्रीबाग

मैत्रीबाग चौक से ही गुजरकर लोग मरोदा सेक्टर होते हुए यहां बीएसपी प्लांट आते और जाते हैं। इसके अलावा टंकी मरोदा, मरोदा, नेवई, उतई, सेलूद की तरफ से लोग आवगमन करते हैं। मैत्रीबाग में ही रोजाना हजारों लोग पर्यटन के लिए आते है। ये सभी को इस जर्जर रोड से ही गुजरना पड़ रहा है।

### हर साल होता है डामरीकरण

बीएसपी हर साल इस सड़क का डामरीकरण करवाती है लेकिन इसकी गुणवत्ता इतनी खराब होती है कि जैसे ही बारिश आती है यह उखड़ जाती है। रहवासियों ने बताया कि हर साल लाखों रुपए खर्च कर इस चौक के सड़क का निर्माण किया जाता है। चौक से लेकर आगे टंकी मरोदा चौराहे तक सड़क खराब हो गई है। सड़क निर्माण में मटेरियल की गुणवत्ता ऐसी नहीं होती कि यह सड़क सालभर भी चल सके। गड्ढों को भरने पेचवर्क करवा दिया जाता है और ऊपर से डामर का लेप लगाकर रेत डाल दी जाती है। जो बारिश आते ही उखड़ जाती है। शुरूआत में भी इसे ठीक नहीं करते और यह बढ़कर लंबा होते जाता है। वाहनों के दबाव से यह और खराब होती जाती है।

### लोगों की सेहत पर दुष्प्रभाव

लोगों ने बताया कि इस सड़क पर गड्ढे.होने और जर्जर होने की वजह से दुपहिया वाहन चालकों और साइकिल वाहन चालकों के सेहत पर भी प्रभाव पड़ रहा है। लोगों को कमर दर्द की शिकायतें शुरू हो गई है। खासकर बुजुर्गों को बिठाकर ले जाना यहां पर काफी मुश्किल होता है। कितनी भी स्लो स्पीड कर यहां से गुजरे लेकिन हिचकोले की वजह से कमर दर्द और बढ़ जाता है। उनका कहना है कि इस सड़क पर लीपापोती करने के बजाय गुणवत्तायुक्त मटेरियल इस्तेमाल कर पुख्ता सड़क बनाया जाना चाहिए। इसलिए कि यह व्यवस्तम मार्ग है। बीएसपी से लेकर आम जन तक इस मार्ग से आते जाते हैं। बच्चें भी स्कूल आते-जाते है। जिससे दुघर्टना का जोखिम बना रहता है।

# जवान ने अपनी राइफल से खुद को मारी गोली, मौत

## अंतागढ़ से ड्यूटी करने भिलाई आया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

एसएसबी के एक जवान ने अपने सिर पर गोली मारकर आत्महत्या कर लिया है। जिसे गंभीर अवस्था अस्पताल पहुचाया गया। जहां उफचार के दौरान दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सीमा, तहसील नारनूल जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा मनोज कुमार 32 वर्ष की पदस्थापना एसएसबी 28 वीं बटालियन अंतागढ़ में थी। जनरल ड्यूटी के लिए रिसाली भिलाई के ट्रांजिट कैंप में आया था। उसे मंगलवार की रात को ड्यूटी करना था।

- उपचार के दौरान दम तोडा, नेवई पुलिस जांच में जुटी

ड्यूटी के दौरान ही रात 9.12 बजे मनोज कुमार ने अपने राइफल से सिर के दाहिने ओर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर एसएसबी के अधिकारी और जवानों मौके पर पहुचे और उसे गंभीर हालत में सुपेला स्थित स्पर्श अस्पताल पहुचाया गया। इस दौरान मनोज की मौत हो गई। बटालियन की ओर से जवानों के परिजनों को सूचना दी गई है।

# छात्र की तबियत बिगड़ी, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

घर से स्कूल को निकले एक बालक की अचानक तबियत बिडने से उसकी मौत हो गई। घटना नंदिनी थाना क्षेत्र की है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम कोडिया निवासी छात्र रोशन धमधा विकासखंड के अहिवारा स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा 8वीं में पढ़ाई करता था। स्कूल से रोशन का दोपहर 12.15 मिनट पर छुट्टी के बाद घर जाने के लिए बाहर निकल रहा था। तभी अचानक रोशन की तबियत बिगड़ गई। रोशन निजी वाहन से स्कूल आता था। रास्ते में रोशन ने उल्टी भी किया। चालक ने छात्र को पानी पिलाया और नंदिनी नर्सिंग होम में उपचार के ललिए भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बच्चे की गंभीरता को देख उसे अहिवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि बुधवार से छात्र का परीक्षा था। नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि मृतक छात्र के शव का पंचनामा कर पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है।

- नंदिनी थाना क्षेत्र का मामला, छुट्टी होने की बाद हुई घटना

## खबर संक्षेप

### फरार नजरुल गोंदिया से पकड़ाया

**भिलाई।** बजरंग दल के कार्यकर्ता का अपहरण कर मारपीट करने के मामले में फरार चल रहे युवक को पुलिस ने गोंदिया से गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक भिलाई तीन निवासी नजरुल खान घटना के बाद से फरार हो गया था। पुलिस को सूचना मिलने पर महाराष्ट्र के गोंदिया दबिश देने पहुची और नजरुल खान को गिरफ्तार किया गया। उसके बाद उसे दुर्ग न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जमिनत मिल गई है।

### गोपनीयता भंग करने वाला आरक्षक निलंबित

**भिलाई।** संदिग्ध आचरण और गोपनीयता भंग करने वाला आरक्षक 829 विवेक पोद्दार को एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने निलंबन की कार्रवाई किया है। इसके बाद एसपी ने विवेक को पुलिस लाइन अटैच किया गया है। आरक्षक पर आरोप है कि छावनी के एनडीपीएस के एक मामले में गोपनीयता भंग किया। इस दौरान आरक्षक को जीवन निर्वाह करने भत्ते की पात्रता होगी।

### अमानत में खयानत, जुर्म दर्ज

भिलाई। अमानत में खयानात का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 406, 407 के तहत जुर्म दर्ज किया है।खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि रायपुर निवासी सुनैना महाशय ने शिकायत किया है कि पति रमेश महाशय गाड़ी चलाने का काम करते हैं। न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के सर्वेयर उत्कर्ष सिंगवेकर से एक्सीडेंटल वाहन टाटा पीबी 02 डी एफ 6595 को 6 लाख 80 हजार रुपए में क्रय किया था। सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने उक्त वाहन को राजेश पटेल के यार्ड में 150 रुपए प्रतिदिन किराए पर खड़ी कर दिए थे। जिसे आरोपी विशाल शाही बिना इन लोगों को सूचना दिए ही ट्रक को लेकर चला गया। जिसका उपयोग कर रहा था।

# सीजीएमसी के इंजीनियर को मंत्री ने किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिला अस्पताल में 80 लाख की लागत से बन रहे आइसोलेशन वार्ड में गडबडी किए जाने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इंजीनियर ललित वर्मा को सस्पेंड के निर्देश दिए है। बुधवार को कोसरिया यादव समाज का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मंत्री जिला अस्पताल पहुंचे थे। जहां उन्होने आइसोलेशन वार्ड का निरिक्षण किया। इस दौरान छत की पिलर झुकने की शिकायत और घटिया निर्माण पर मंत्री भडक उठे और उन्होने फोन के जरिए सीजीएससी को संबंधित इंजीनियर को सस्पेंड कर तत्काल आदेश जारी किए जाने के निर्देश दिए। इसके आलावा मंत्री ने ब्लड बैंक का भी निरीक्षण किया। उन्होने डां विनिता ध्रुर्वे द्वारा सैकडों सफल आपरेशन किए जाने के चलते उन्हे सम्मानित किया। इस दौरान जीवनदीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर ने ट्रामा सेंटर की मांग की। वही विधायक गजेन्द्र यादव ने मंत्री से अगल से बच्चा वार्ड व पेईग वार्ड की जरूरत बताई, जिस पर मंत्री प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश भी दिए।

- घटिया निर्माण की शिकायत, इंजीनियर पर गिरी गाज

# स्वच्छता को लेकर 117 व्यवसायियों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 3 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र के दुकानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें जोन क्षेत्र के 16 दुकानों पर खादय पदार्थ, स्ट्रीट फूड, गुमस्ता लाईसेंस एवं सिंगल युज प्लास्टिक की जांच की गई। दुकानदारों के पास जॉच के दौरान सिंगल युज प्लास्टिक मिलने पर उनके खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही भी की गई। इन प्रमुख बाजारों में कार्यवाही की गई जवाहर मार्केट, सकुर्लर मार्केट, फल मार्केट, सब्जी मार्केट, मटन मछली मार्केट, लिंक रोड पर सिंगलयुज प्लासिटक एवं चालानी कार्यवाही करते हुए 600 रूपये जुर्माना लगाया गया। गंदगी फैलाने वालों पर 20700 जुर्माना लगाया गया। खाद्य पदार्थ गुणवत्ता की जॉच 6 दुकानो से 750 रूपये का अर्थदण्ड। वायु प्रदुषण फैलाने वाले घरेलू उद्योगों पर 1000 रूपये अर्थदण्ड कुल 23050 रूपये का अर्थदण्ड वसूला गया। कुल 117 व्यापारियों पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के.सिंह, जोन के स्वच्छता निरीक्षक विरेन्द्र बंजारे, पर्यवेक्षक सुरेश पटेल, बिरबल भारती, जयंत मेश्राम, एस पपईया, रंगबादुर सोनी, एस. विनोद, हेमकुमार, यशकुमार आदि उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स महासंघ का सम्मेलन एक सितंबर को

**भिलाई।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का संभागीय सम्मेलन रविवार एक सितंबर को लोक निर्माण विभाग दुर्ग के बस स्टैंड के पास कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हाल में सुबह 11 से 1.30 बजे तक आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, विधायक, अहिवारा करेंगे। संभाग प्रभारी बी के वर्मा ने बताया कि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी एच सुरेश केरल,राष्ट्रीय महामंत्री बहादुर सिंह हाड़ा राजस्थान, प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव रायपुर विशेष अतिथि रहेंगे।

# मेयर समेत सैकड़ों कांग्रेसियों के खिलाफ किया जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

र्व सीएम भूपेश बघेल के समर्थकों द्वारा बिना अनुमति के भिलाई तीन में प्रदर्शन करना महंगा पड़ गया है। मामले में पुलिस ने महापौर, पार्षद समेत सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों के खिलाफ धारा 189 (2),190, 221, 132, 121, 324 (2), 3 लोक संपत्ति नुकसान अधिनियम, 126 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि गनियारी निवासी भिलाई-चरोदा निगम महापौर निर्मल कोसरे, मनोज मढरिया, सुजीत बघेल समेत सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों ने बिना अनुमति के प्रदर्शन कर संपत्ति को नुकसान पहुचाया है। मंगलवार को सिरसा गेट चौक में कांग्रेस के लोगों ने बड़ा प्रदर्शन किया था। इसमें रायपुर, भिलाई, दुर्ग के बड़े नेता पहुचे थे।

- बिना अनुमति के किया प्रदर्शन

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने पुलिस के द्वारा लगाए गए बेरीकेट्स को तोड़ते हुए थाने तक पहुंचने की कोशिश की। इसमें पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा। घटना में थाना प्रभारी समेत कई आरक्षकों को भी चोट आई है। इसके अलावा लोक संपत्ति को भी नुकसान हुआ था। इसके बाद एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला ने मामला दर्ज करते हुए टेंट का सामान जब्त करने का आदेश दिया है।

## जोन कार्यालय एक, दो और चार में ऊपरी मंजिल में बैठते हैं अधिकारी

# तीन जोन में दिव्यांगों को तय करना पड़ रहा ऊपरी मंजिल का सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई निगम के तीन जोन कार्यालयों में दिव्यांगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है। इन कार्यालयों में जोन अधिकारी ऊपरी मंजिल में बैठते हैं। जिसकी वजह से दिव्यागों को सीढ़ी चढ़कर उनके पास जाना पड़ रहा है। यहां से ऊपर जाने और वापस नीचे आने तक वे इतने थक हार जाते हैं कि कई बार रूकना पड़ता है। कोई हाथ के बल सीढ़ी चढ़ता-उतरता है तो कोई किसी दूसरे व्यक्ति का सहारा लेकर। इस हालात में दिव्यांगो की सुविधा के लिए इन जोन अफसरों का कार्यालय भूतल में करने की दरकार है।



### इन तीन जोन दफ्तरों में परेशानी

भिलाई निगम के जोन कार्यालय क्रमांक 1, 2 और 4 में अधिकारी ऊपरी मंजिल में बैठते हैं। दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं से संबंधित से आवेदनों को लेकर उनके पास जाना होता है। इसके अलावा बुजर्ग पुरूष और महिलाएं भी हैं। जिन्हे अपने काम को लेकर सीढ़ी चढ़ना-उतरना पड़ रहा है। दोनों पैर से दिव्यांगों की स्थिति ऐसी होती है कि वे बिना किसी के सहारे ऊपरी मंजिल में पहुंच नहीं पाते। मौजूदा व्यवस्था से दिव्यांगों में काफी नाराजगी है। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार अधिकारी उनकी परेशानी को देख नहीं रहे लेकिन वे इस संजीदा मामले को लेकर गंभीर दिखाई नहीं देते।

### दिव्यागों का दर्द नहीं सुन रहे अधिकारी

जोन कार्यालयों में हर दिन का यह दृश्य है। दिव्यांग सीढ़ी चढ़ नहीं पाते। कोई सहारा देकर जा रहा है तो कोई वापस लौट रहा। बुजुर्ग महिलाएं और पुरूष भी इसी तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। वे बताते हैं कि कई बार ऐसा होता है कि बड़ी मुश्किल से सीढ़ी चढ़कर पहुंचते हैं तो पता चलता है कि अधिकारी वहां हैं ही नहीं। बाद में आएंगे। इस स्थिति में वहीं घंटों बैठकर इंतजार करते हैं। नहीं मिलते तो अन्य दिनों में आते हैं। इस तरह सरकारी सुविधाओं तक पहुंचने के लिए शारीरिक कष्ट झेलना पड़ रहा है। कई महिलाएं व पुरूष बीमार होते हैं और मजूबरन यहां आते हैं ताकि अधिकारी उनकी बात सुने। उनका कहना है कि भूतल में कार्यालय होगा तो आसानी होगी।

### आयुक्त को लिखा, उपनेता प्रतिपक्ष ने पत्र

भिलाई निगम आयुक्त देवेश ध्रुव से उपनेता प्रतिपक्ष व वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद भोजराज सिन्हा ने मांग रखी है। इस मांग पत्र में उन्होने कहा है कि जोन कार्यालय क्रमांक 1,2 और 4 में पदस्थ अधिकारियों की बैठक व्यवस्था भूतल में किया जाए। इसलिए कि दिव्यागों और बुजुर्गों को ऊपरी मंजिल में आने और जाने के लिए जूझना पड़ रहा है। अधिकारी ऊपरी मंजिल में बैठ रहे हैं।

### शिक्षक का अभद्र व्यवहार डीईओ की अनुशंसा पर निलंबित

**दुर्ग।** बालोद के विरूद्ध अध्ययरत छात्राओं के साथ छेड़छाड़ एवं अशोभनीय व्यवहार करने, गलत ढंग से शरीर को स्पर्श करने, अपशब्द कहने, अध्यापन कार्य में रूची नही लेने तथा नियमित रूप से शाला में उपस्थित नहीं होने की शिकायत की गई थी। उक्त शिकायत की जांच विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई है। जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में उक्त शिकायत प्रथम दृष्टिया सही पाई गई है। कांशीराम साहू, प्रधान पाठक, का उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1985 के नियम 03 के उपनियम (1) (2) (3) के विपरीत गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है। कांशीराम साहू, प्रधान पाठक, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिटौद, वि.ख. गुरूर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में प्रधान पाठक का मुख्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी छुईखदान, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंण्डई नियत किया गया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप

### खेल दिवस का आयोजन आज

दुर्ग। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को प्रातः 7.30 बजे समृद्धि बाजार शीतला मंदिर के सामने हॉकी मैदान दुर्ग में खेल दिवस का आयोजन किया जाएगा। खिलाड़ियों द्वारा क्रीड़ा कौशल का प्रदर्शन भी किया जाएगा। जिले के टीमों के मध्य हॉकी, फुटबॉल, मैच का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 8 बजे प्रभात फेरी निकाला जाएगा। सुबह 9 बजे मेजर ध्यानचंद की जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक खेलों का शो मैच और शाम 4.30 बजे खेल दिवस का समापन किया जाएगा।

### सितंबर का वेतन समय पर देने की मांग

दुर्ग। सफाई कामगार मजदूर संघ ने कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में सितंबर का वेतन समय पर दिए जाने की मांग कीहैं। सितंबर में हिन्दुओं का पर्व लगातार है। इस माह तीज, नवाखाई जैसे पर्व है। जिसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश महामंत्री रवि कुमार सोनी के नेतृत्व में कलेक्टर, एसपी, आयुक्त व स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन दिया गया है।

### पुलगांव नाले में एक्सपायरी दवा मिलने की शिकायत

दुर्ग। निगम द्वारा शहर में निकलने वाले कचरों को पुलगांव नाले के पास एकत्रित किया गया है। जहां नाले में एक्सपायरी दवा मिलने की शिकायत आप के नेताओं ने थाने में दर्ज कराई है। आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष डॉ एसके अग्रवाल तथा प्रदेश अध्यक्ष आरटीआई विंग मेहरबान सिंह के नेतृत्व में पुलगांव थाना प्रभारी को दुर्ग ननि आयुक्त के विरुद्ध अपराध दर्ज करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया है।

### शिविर स्थगित

दुर्ग। विकासखण्ड पाटन के ग्राम कौही में 29 अगस्त को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। शिविर की सूचना पृथक से दी जाएगी।

**पर्व : शोभायात्रा आयोजन का तेरहवां वर्ष, शहर में निकली भव्य शोभायात्रा**

# कोसरिया यादव समाज की मांगों को सीएम तक रखूंगाः स्वास्थ्य मंत्री

**गौधन की रक्षक के रूप में यादव समाज की पहचान- श्री जायसवाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में दुर्ग में आयोजित कोसरिया यादव समाज के शोभायात्रा एवं सभा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा एवं 20 बीस सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। पुराना बस स्टैण्ड दुर्ग में आयोजित इस कार्यक्रम में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव भी मौजूद थे।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि, शोभायात्रा और इस कार्यक्रम से आज दुर्ग का माहौल वृंदावन जैसा हो गया है। उन्होंने कहा कि, यादव समाज भगवान श्रीकृष्ण के वंशज है। गौधन रक्षक के रूप में यादव समाज का पहचान है। उन्होंने कहा कि गौधन की रक्षा के लिए प्रदेश सरकार भी पहल कर रही है। प्रदेश सरकार द्वारा गौ-अभ्यारण बनाने का निर्णय लिया गया है। यहां पर गौधन के लिए समुचित प्रबंध किया जाएगा। मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का गौवंश से आघाद लगाव था। उनके वंशज में भी गौवंश की सेवा झलक रही है। मंत्री श्री जायसवाल ने यादव समाज से गौवंश की रक्षा के लिए सुझाव आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि, समाज के बताये सुझाव पर सरकार अमल करेगी। उन्होंने समाज की मांग को मुख्यमंत्री जी तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया।








### विधायक ने कहा-तेजी से होगा विकास

विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, यादव समाज विगत 13 वर्षों से दुर्ग में शोभायात्रा निकालते आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की गौ अभ्यारण योजना समाज के योगदान से सफल होगी। विधायक श्री यादव ने नगर के विकास के लिए अपने प्रयासों का जिक्र करते हुए अवगत कराया कि शासन स्तर से विकास कार्य के लिए राशि स्वीकृति हो गई है, आने वाले दिनों में नगर का और तेजी से विकास होगा। कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष बोधन यादव ने समाज की मांग को मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल को अवगत कराया।

### शहर में निकली शोभायात्रा



जन्माष्टमी के अवसर पर कोसरिया यादव महासभा द्वारा बुधवार की दोपहर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्री कृष्ण व राधा जी की झांकी के अलावा ढोल बाजा, नृत्य व घोड़ा बग्गी आकर्षण का केन्द्र रहे। शोभायात्रा की शुरुआत पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पचरीपारा स्थित यादव छात्रावास पहुंचे। यहां उन्होने यादव समाज के लोगों को जन्माष्टमी पर्व की बधाई दी और आयोजन की सराहना की। इस दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, पीसीसी महामंत्री राजेन्द्र साहू, महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव के अलावा अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे। शोभायात्रा पचरीपारा स्थित यादव छात्रावास से हुई। यह शोभायात्रा पचरीपारा से पोलसायपारा चौक, तकियापारा, लुचकीपारा, कंकालीन मंदिर चौक, चण्डी चौक, शिवपारा, का भ्रमण करते हुए पुराना बस स्टैण्ड पहुंची। जहां शोभायात्रा सभा के रुप में तब्दील हुई। शोभायात्रा में महासभा के अध्यक्ष बोधनराम यादव, सचिव शंकर यादव, उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, हरिश यादव, लच्छी यादव,कोषाध्यक्ष गिरेन्द्र यादव, प्रीतम यादव, महिला अध्यक्ष सुश्री अर्चना यादव, खिलेन्द्र यादव, दादू अहीर, भोजराम यादव के अलावा यादव समाज के व दीगर समाज के लोग बड़ी संख्या में जुटे।

### शोभायात्रा का जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

जन्माष्टमी के अवसर पर दुर्ग जिला कोसरिया यादव महासभा द्वारा निकाली गई। भाजपा व कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। इस कड़ी में पचरीपारा वार्ड क्रमांक-28 के भाजपा पार्षद ओमप्रकाश सेन (राकेश) के नेतृत्व में भी शोभायात्रा का स्वागत किया और शोभायात्रा में शामिल यादव समाज के लोगों को पेयजल का वितरण किया गया। इस दौरान नगर यादव समाज अध्यक्ष अमर सिंह यादव, किशन सिंह यादव, छोटू यादव, द्वारका प्रसाद यादव, रनछोर यादव, दिनेश यादव, लक्ष्मीचंद यादव, तरुण यादव के अलावा यादव समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

## पटेल चौक एवं साइंस कॉलेज से सड़क किनारे निगम ने हटाया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर के मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने निगम प्रशासन द्वारा बुधवार को पटेल चौक क्षेत्र के आस पास से इंदिरा मार्केट तक सड़क किनारे काबिज अतिक्रमणकारियों को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान कब्जाधारियों को चेतावनी के साथ समझाईस दी गई। पटेल चौक क्षेत्र के आस पास सड़क घेरकर व सड़क किनारे लोग ठेले, खोमचे, सब्जी पसरा आदि दुकान लगाकर कारोबार कर रहे हैं। इसकी वजह से आवागमन में आम नागरिकों को दिक्कत हो रही है साथ ही यातायात भी बाधित हो रहा है। रायपुर नाका मुख्यमार्ग साइंस कॉलेज के सामने फुटपाथ लगाकर कपड़ा बेचने वालों सहित आस-पास से ठेले खोमचे को हटाया गया। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के मार्गदर्शन में अतिक्रमण तोड़ू दस्ता अमले ने उक्त मार्ग पर काबिज 15 से 20 अतिक्रणकारियों को हटाया और दोबारा अतिक्रमण किए जाने पर सामान जब्ती कार्रवाही की चेतावनी दी गई।

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि सड़कों से अवैध कब्जा खुद हटा लें नही तो जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाही के दौरान निगम तोड़ू दस्ता अमला मौजूद रहें।

## पेट्रोल पम्प में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पेट्रोल पंप ऐसोसिऐशन की मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में सभी पेट्रोल पंप संचालकों से पेट्रोल पंप में उपभोक्ताओं को आधारभूत व्यवस्थाएं यथा शुद्ध जल, टॉयलेट, निःशुल्क हवा की सुविधा आवश्यक रूप से उपलब्ध कराने एवं धूल प्रदूषण से मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए पेट्रोल पंप से सड़क तक पेवर ब्लाक लगवाने, पर्यावरण सुधार हेतु परिसर में पौधे लगवाने तथा प्रवेश एवं निर्गत मार्ग के मध्य स्थान पर सौंदर्गीकरण के लिए फूलों के सजावटी पौधे लगवाने के लिए निर्देशित किया गया। उपस्थित सभी पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा इस संबंध में सहमति दी गई। बैठक में खाद्य नियंत्रक सी.पी. दीपांकर, आयल कंपनियों के अधिकारी किशोर देवांगन, वैभव लाखे, विभागीय अधिकारी टी.एस.अत्री, श्रीमती वसुधा गुप्ता, एस.के. साहू एवं सभी खाद्य निरीक्षक तथा जिले के पेट्रोल पंप संचालक उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप

### सुदामा दरिद्र नहीं गरीब थेः पं. चंपेश



**ननकट्ठी।** ननकटठी के चौबे परिवार के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ प्रवाहित हो रही भगवती गंगा के सप्तम दिवस के भागवत कथा को सुनाते पंडित चंपेश कृष्ण महाराज ननकटठी वाले ने कहा की सुदामा जी गरीब नहीं थे वे अयाचक व्रत का पालन करते थे , जिनका एकमात्र आसरा भगवान थे, वह अल्प गरीब कैसे हो सकता है। उनके जीवन का एकमात्र उद्देश्य था भगवत प्राप्ति, भले ही भोजन ना मिले वे हमेशा भगवत भजन में तल्लीन रहते थे। मनुष्य मात्र को चाहिए जीवन के भाव को नजर अंदाज कर भगवत भजन कर जीवन का कल्याण करें ।इस अवसर पर जामुल ,बानबरत, कोड़िया, बोड़ेगांव रवेली डीह,दुर्ग, रायपुर, धमतरी से पधारे भक्तजनों , गोपी ग्रुप के सदस्यों सहित ग्रामवासी भागवत कथा का लाभ उठाये।

### धमधा में हुआ कवि सम्मेलन



**धमधा।** महान साहित्यकार स्व. बंगाली प्रसाद ताम्रकार धमधा निवासी की 104वें जन्म दिवस पर उनके पुत्र विष्णु प्रसाद ताम्रकार और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा अपने निवास पर रात को नौ बजे कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम सभी अतिथियों एवम कवियों द्वारा स्व बंगाली प्रसाद ताम्रकार के चित्रों पर चंदन, गुलाल, पुष्प धूप, दीप के द्वारा पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद विष्णुप्रसाद ताम्रकार ने स्व0 बंगाली प्रसाद ताम्रकार की जीवनी एवं साहित्य यात्रा पर प्रकाश डाला। कवियों में नरेंद्र बाबा, मलिक मोहम्मद, पवन देवांगन, रामदेव शर्मा, अंगद ताम्रकार, सीताराम ठाकुर और गीतेश्वरी ताम्रकार ने अपनी रचनाएँ प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन कवि रामदेव शर्मा ने की।

### सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोरई में छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत निर्मित विभिन्न समाजिक भवन का लोकार्पण एवं वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान समारोह के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शामिल हुआ। विकास कार्यों का लोकार्पण किया गांव के विकास में योगदान प्रदान करने वाले वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी ग्रामीणों को विकास कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी।

## अंचल के विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

# द्वापरयुग में श्रीकृष्ण का अवतरण गौमाता की सेवा में समर्पित रहा: विधायक भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

दक्षिण पाटन के ग्राम शुक्लाडीह एवं कुम्हली में आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान पाटन विधायक भूपेश बघेल थे।

पूर्व सीएम बघेल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि द्वापरयुग में श्रीकृष्ण का अवतरण गौमाता की सेवा में समर्पित रहा। हमने विगत 5 वर्षों तक श्री कृष्ण की कृपा से गौमाता एवं सर्वसमाज के हित के लिए निरंतर कार्य किया। आज परिस्थिति बदल गई सब हाल बेहाल हो गया है। महिलाएं, बच्चे, युवा, आदिवासी सहित सभी वर्ग परेशान है। गीता ग्रंथ मात्र बन के रह गया है, हम सभी को आत्मसात करने की आवश्यकता है। आयोजक समिति के द्वारा छत्तीसगढ़िया खेल मटका फोड़, कुर्सी दौड़ एवं कबड्डी तथा महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़, फुगड़ी खेल में ग्रामवासी बड़ी संख्या में भाग लिए। समापन में नन्हे श्रीकृष्ण और राधारानी की पूजा और साथ ही केक काटकर श्रीकृष्ण प्राकट्य उत्सव मनाया गया।इस अवसर पर अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, रूपेंद्र शुक्ला महामंत्री, उमाकांत चंद्राकर, कविता साहू जप, रूपचंद साहू सभापति, देवकुमार निषाद, विष्णु चंद्राकर, भेष आठे, छोटू बघेल, दुर्योधन चंद्राकर मंचासीन थे।इस अवसर पर नारायण निषाद, राजेंद्र यादव, भविष्य जैन, विशेश्वर साहू, टिकेंद्र साहू, लखन निषाद, जीतू निषाद, महेंद्र, वीरेंद्र निषाद, मुकेश निषाद, नीलकंठ साहू, मेहत्तर यादव, डोमार साहू, दिलीप यादव, हरिश्चंद्र, नेमचंद यादव, गीतेश्वर चंद्राकर, इंदरमन साहू, कामता, रतनू, नीलम यादव, जागेश्वर निषाद, गोपी निषाद, रूपेश्वर, कैलाश, रूपराम, पीताम्बर, गजेंद्र, जोधी राम, तुकाराम, बुधारू निषाद, जेठू निषाद, तामेश्वर, राकेश निषाद सहित दोनों ग्रामों के ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**पूर्व मुख्यमंत्री बघेल शुक्लाडीह एवं कुम्हली में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में हुए शामिल**



### कृष्ण जन्माष्टमी दही लूट के कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक डोमनलाल



**ननकट्ठी।** करंजा भिलाई परिक्षेत्र झेरिया यादव समाज द्वारा ग्राम बोडेगांव में कृष्ण जन्माष्टमी, दही लूट आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथिअहिवारा विधायक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाडा थे। इस अवसर पर जनपद सदस्य माहेश्वरी हंकारा, भाजपा जिला महामंत्री उपकार चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, सांसद प्रतिनिधि प्रेमलाल नायक यादव समाज अध्यक्ष जालंधर यादव, परीक्षेत्रीय अध्यक्ष बसंत यादव, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अश्वनी यादव, मनोज यादव , राजकुमार यादव, संतोष यादव, परमानंद यादव, दीपक यादव सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय यादव समाज के सदस्य उपस्थित रहे । विधायक कोर्सेवाड़ा ने अपने उदबोधन मे कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए घोषणाओं को भाजपा धीरे-धीरे पूर्ण कर रही है । विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने दस लाख देने की घोषणा करते हुए कहा मैं अपने दूसरी विधायकी कार्यकाल के सिर्फ 6 माह के अंदर प्रत्येक पंचायतों में विभिन्न मद व विकास के लिए 10 से 80 लाख दे दिया है और आगे भी जरूरत के हिसाब से देते रहेंगे।



# सांसद बघेल ने सदस्यता अभियान की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने बुधवार को कुम्हारी में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा है कि भाजपा का यह मंडल हमेशा से सबसे मजबूत संगठन रहा है। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने हमेशा बेहतर प्रदर्शन किया है। पार्टी को यहां लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में भी बड़ी जीत मिली। जब हम मुख्यमंत्री के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ रहे थे तब भी पार्टी को यहां से जीत मिली। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू हुआ है तो सबसे अधिक सदस्य इस मंडल में बनने चाहिए। भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान यहां भी अब नए सिरे से शुरू हो रहा है। सांसद विजय बघेल ने इस अभियान की यहां औपचारिक तौर पर शुरुआत की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबंध करते हुए उन्होंने सभी को इस बार अधिक से अधिक नए सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सदस्य बनाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मिस्ड कॉल नमो ऐप से जुड़कर पार्टी की वेबसाइट से और कोड के माध्यम से पार्टी के सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं और नए सदस्य बनाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस समय दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। इससे जुड़े कार्यकर्ताओं का जो उसे आ रहा है पार्टी ने नए सदस्य बनाने का जो लक्ष्य रखा है हमेशा उससे हमेशा काफी अधिक नए सदस्य बनाए जाते रहे हैं. उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से इस बार अपने-अपने बूथ में कम से कम 200 सदस्य बनाने का आह्वान किया। सांसद विजय बघेल ने इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलजुल कर एग्जिट होकर काम करने का भी आव्हान किया।

■ सदस्यता अभियान में जुडने लोगों से की अपील

## मोतिमपुर पंचायत को अलग पंचायत बनाने सौंपा ज्ञापन



**धमधा।** मोतिमपुर ग्राम के सैकड़ों ग्रामीणों ने बुधवार को एसडीएम धमधा को ज्ञापन सौंपकर राहटादाह पंचायत से अलग कर मोतिमपुर को अलग पंचायत बनाने का आवेदन सौंपा। वहीं आवेदन में बताया गया कि राहटादाह पंचायत में होने से गांव का विकास नही हो रहा है जबकि ग्राम मोतिमपुर की जनसंख्या 1100 की है। बरसात के दिनों में ग्रामीणों को लंबी दूरी 8 किलोमीटर तयकर धमधा होकर मुख्यालय जाना पड़ता है। बुजुर्गों को राशन के लिए मुख्यालय राहटादाह लंबी दूरी तय कर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने जल्द मोतिमपुर को राहटादाह से अलग कर नवीन ग्राम पंचायत बनाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में गिरधारी साहू, भीषम चंदेल, सुरेश निर्मल, संतोष यादव, भवल सिंग मार्कण्डेय, बीरेंद्र, रामसिंग, पाल सिंग, कविता, प्रेमचन्द्र, कोमल ठाकुर, रामनाथ ठाकुर, धर्मेंद्र, ललित, ठाकुर राम साहू, देवेंद्र वर्मा, भुनेश्वर साहू, दिलेश्वर, धनुष साहू, आशुतोष, पुनऊ, कार्तिक, ओमप्रकाश, समय लाल, देवव्रत ढीमर, डोमार निर्मल, कामेश, युवराज आदि उपस्थित थे।

## रुदा में हाईस्कूल का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

ग्राम पंचायत खाड़ा के आश्रित ग्राम रुदा में सांसद दुर्ग विजय बघेल व विधायक दुर्गग्रामीण ललित चन्द्राकर सहित पहुचे अतिथियो के हाथो नये हाई स्कूल भवन का लोकार्पण हुआ।

आयोजन में पहुचे अतिथियों का ग्रामीणो व स्कूल स्टाप ने भव्य स्वागत किया,वही स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्कूल में मेधावी बच्चो को मोमेन्टो देकर अतिथियों ने सम्मान देकर कक्षा नवमी की 33 छात्रओं को सरस्वती साइकिल बाटी। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कहा कि कम संसाधन के बावजूद स्कूली बच्चों ने षिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है,अब बच्चो को बेहतर सुविधा मिले यही प्रयास करेंगें। वही विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि नये स्कूल भवन मिलने बच्चों के लिए वरदान साबित होगा,वही समय समय पर स्कूल के मांगो को निष्चित ही संवारेगें,लगातार भाजपा सरकार गांव ,गरीब ,किसान के साथ सबका विकास संकल्प लेकर चल रही है,गौर कि दुर्गग्रामीण में बीस करोड़ से ज्यादा के विकास कुछ महीने में स्वीकृत हुए है, लगातार विकास कार्यो से दुर्गग्रामीण में विकास की किरण बहेगी। वही संस्था प्राचार्य जे आर साहू ने हाई स्कूल का प्रतिवेदन पढ़ा। इस अवसर पर जिलापंचायत सदस्य माया बेलंचदन , सरंपच भोथली सुरेष साहू, ताम्रध्वज साहू , अंजोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरेष साहू आदि उपस्थित थे।



## सदस्यता पार्टी की नींव होती है : विधायक



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंजोरा में भारतीय जनता पार्टी अंजोरा मंडल सदस्यता अभियान 2024 को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन अटल समरसता भवन अंजोरा में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में सदस्यता अभियान की रूपरेखा और अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाने के तरीकों पर बात की गया। उपस्थित सदस्यों से सुझाव भी लिए गए।

इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव व मुख्य वक्ता लाभचंद बाफना, मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू मंडल प्रभारी संतोष सोनी, महामंत्री शिव निषाद ,पुराण देशमुख, मुकेश बेलचंदन,भाजयुमो अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, महिला मोर्चा अध्यक्ष यामिनी हरमुख, दिव्या साहू ,पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश देशमुख, मुकेश मांडले, पारस देवांगन व समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## विधायक ने कार्यकर्ताओं को किया रिचार्ज



**धमधा।** मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन धमधा नगर में किया गया। कार्यक्रम में साजा विधायक ईश्वर साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, मंडल सदस्यता प्रभारी रोहित साहू विशेष तौर पर उपस्तिथ थे। इस अवसर पर विधायक ईश्वर साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब सभी को फिर से कार्यकर्ता बनना है। इसमें प्रधानमंत्री से लेकर सांसद, विधायक एवं प्रत्येक व्यक्ति को कार्यकर्ता बनना है। भाजपा के कार्यकर्ता इस कार्य के लिए जुट जाएं। जिस तरह विधानसभा, लोकसभा में जीत दिलाई है उसी तरह नगर पंचायत, ग्राम पंचायत सभी में भाजपा के ज्यादा से ज्यादा जनप्रतिनिधि को जीताना है। कार्यकर्ता को इस कार्य के जुट जाने कहा। कार्यक्रम को पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, मंडल सदस्यता प्रभारी रोहित साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहिर ठाकुर, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश चन्द्र साहू, बनऊ वर्मा, जनपद सदस्य सागर वर्मा, पार्षद आरुणि दानी, विमल पटेल, बलदाऊ पाल, हुकुम चन्द्र डहरिया, राजाराम पटेल, गिरधारी साहू, बृजेन्द्र दानी, चन्द्रिका भट्ट, धर्मपाल पटेल, मनीषा ताम्रकार, सुनील गुप्ता, कुमारी टोन्द्रे, हर्ष साहू, दीपक चौहान, देवनाथ सिन्हा, तुषार राजपूत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

## परसदा में यादव समाज ने मनाई जन्माष्टमी

**धमधा।** ग्राम परसदा में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव कार्यक्रम अहिवारा विधायक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाडा के मुख्य आतिथ्य एवं साधु यादव अध्यक्ष धमधाराज के अध्यक्षता में संपन्न किया गया ।आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अहिवारा पालिका परिषद अध्यक्ष नटवर ताम्रकार, जिला कार्य समिति सदस्य विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रकला मनहर, भाजपा युवा मोर्चा कार्य समिति सदस्य आनंद ताम्रकार, ग्राम सरपंच परसदा संतोषी निषाद, युवा प्रकोष्ठ धमधा राज जितेंद्र यादव, बिरेभाट पार सचिव भगवान सिंह, ग्राम पंच परसदा रामाधीन यादव,नीलकंठ यादव, अमित सरपंच पति रवि निषाद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## तबला वादन में खिलेश्वर प्रथम स्थान पर

**उतई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धनोरा के कक्षा दसवीं के छात्र खिलेशवर चीन्टू साहू ने कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई में आयोजित प्रज्ञोत्सव कार्यक्रम में तबला वादन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के प्रिंसिपल सविता त्रिपाठी के हाथो पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरे स्कुल स्टाप मौजूद रहे इस तरह होन हार बच्चों को पुरस्कृत किया गया एवं उनके भविष्य की कामना करते हुए अपने आशिर्वाद दिया गया ।

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्र.- 202408102700018/ अ-74 / वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गुमान यादव पिता स्व. रामनाथ यादव निवासी ग्राम टेकापार, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम सिलतरा, प.ह.नं. 03, तहसील बोरी स्थित भूमि ख.नं. 613 रकबा 0.03 हे. जोकि आवेदक गुमान खुमान पिता रामनाथ के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन मय बैंक चालान, नक्शा, खसरा एवं बी-1 की नकल, नोड्युज, पुलिस रिपोर्ट की कापी, तलवाना सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक के नाम पर द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 30.08.2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.08.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार बोरी

**NAME CHANGE**

I, (Old Name) SUKHDIP SINGH aged 78 yrs, Son of SAHEB SINGH/Mother Name KARTAR KAUR Residing at 22/C, ANANDPURAM PHASE-2, BHILAI NAGAR, TAHSIL & DISTT- DURG (CG) 490023 have changed My Name shall henceforth be known as (New Name) SUKHDEEP SINGH as declared before the Notary Public/Bhilai-Durg, Vide affidavit No. 62 dated 24/08/2024. (Old Name) SUKHDIP SINGH and (New Name) SUKHDEEP SINGH both are same and identical person.

Place: BHILAI, DURG (C.G)

DATED: 24/08/2024

Signature

SUKHDEEP SINGH

M.No: 9827876041




## बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद




**भिलाई।** दुर्ग शहर के हृदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट, 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के ज़ेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही ज़ेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है।

**न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला- दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202408100800055 /अ-56/ वर्ष 2023-24

ग्राम- खिलोराखुर्द / प.ह.नं.- 10

**।। ईश्तहार ।।**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्र.- 202312100800111/ब-121/ वर्ष 2023-2024 में पारित आदेश दिनांक 21.03.2024 अनुसार कोटवार भीमसेन पिता सुखदेव को ग्राम खिलोराखुर्द को ग्राम कोटवार पद से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किये जाने के उपरांत आवेदक सूरज कुमार निषाद आ. लोकनाथ निषाद निवासी ग्राम खिलोराखुर्द तहसील धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम खिलोराखुर्द कोटवार पद हेतु आवेदन के साथ अंक सूची, निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति पेश किया है। जिस संबंध में जिस किसी भी इच्छुक व्यक्ति जो ग्राम कोटवार बनाना चाहते है वे इस न्यायालय में पेशी दिनांक 20/09/2024 को स्वतः या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन में कोई भी किसी प्रकार की विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 21/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन सील मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 21/08/2024
पेशी दिनांक- 20/09 / 2024

मुहर

तहसीलदार धमधा




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# बीएसपी के अंदर मुख्य सड़कें जर्जर, कैसे करें कर्मचारी ड्यूटी

## इस्पात मजदूर संघ ने प्रबंधन से मरम्मत की मांग, बैठक में दिए कई सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के अंदर बुनियादी समस्याओं के निदान नहीं होने से कर्मियों को परेशानी हो रही है। बारिश मे समस्या को और बढ़ा दिया है। इसस कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। इस्पात मजदूर संघ ने बीएसपी प्रबंधन से जल्द समस्याओं के निदान की मांग की है।

सेक्टर 6 बीएमएस कार्यालय में हुई यूनियन की बैठक में पदाधिकारियों ने कई सुझाव दिए ।विभिन्न समस्याओं व कर्मचारियों के सम्बंधित एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई । पदाधिकारियों ने कहा कि प्रबंधन द्वारा बिना किसी पूर्व तैयारी एवं बायोमेट्रिक रिकॉर्डर की कार्य प्रणाली प्रक्रिया पूरी किए बिना और रिकार्डिंग उपकरणों की विश्वसनीयता एवं दक्षता को जांचे बगैर प्रबंधन द्वारा नई प्रणाली को लागू करने से कर्मचारियों में अनेक समस्याए आ रही है जैसे की गेट में जाम की स्तिथि निर्मित हो रही हैं। दुर्घटनाए लगातार बढ़ रही हैं। । संयंत्र के अंदर एवं बाहर के मुख्य मार्ग गड्डो से भरा पड़ा है। संयंत्र के अंदर शौचालय, विश्रामगृह एवं जलपान गृह जैसे मूलभूत सुविधाए का अभाव है। शौचालय गंदगी से बजबजा रहा है। प्रबंधन उदासीन है। यूनियन ने मांग की कि जबतक सभी विभागों में लगाए गए फेस रीडिंग उपकरणों की दक्षता की जांच एवं सम्पूर्ण कार्य प्रणाली व्यवस्थित न हो जाए । स्थाई निदान तक पुरानी प्रणाली को समान्तर 3 माह तक चलाये जाए।

### मेडिकल अनफिट की समस्या

बीएमएस पदाधिकारियों ने बताया कि प्रबंधन द्वारा मेडिकल फिट अनफिट सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त डाक्टर से लाये जाने वाले कर्मचारियों का स्वीकार नहीं किया जा रहा है यह नियम के विरूद्ध है ।मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारी का एक वर्ष से उच्च स्तरीय अधिकारियों डायरेक्टर प्रभारी व ईडी से बैठक नहीं करवाने का आईआर विभाग की असफलता पूर्ण रवैया है। कई बार पत्र देने के बाद भी प्रबंधन द्वारा सेवा का चुनाव नहीं कराए जाना संदेहजनक है ।संयंत्र के अंदर कैंटीनों में शिकायत के बाद भी घटिया प्रकार के तेल एवं खाद्य सामग्री के उपयोग से कर्मचारियों के स्वास्थ्य में लगातार ख़राब होने की शिकायत मिल रही है । प्रबंधन बीमारियों को जन्म देने का प्रबंधन इंतजार कर रहा है ।



### सभी गेटों को खोलें

यूनियन ने संयंत्र के सभी गेटों को ड्यूटी आते जाते समय खोले जाने की मांग की ।ऐसा नहीं किए जाने पर कर्मियों में असंतोष बढ़ेगा।छ परिणामों का सामना करना पड़ेगा। बैठक में सन्नी ईप्पन ,आई पी मिश्रा,डिल्ली राव, विनोद उपाध्याय,जगजीत सिंह, सुधीर गडेवाल, संयुक्त महामंत्री वशिष्ठ वर्मा,प्रदीप कुमार पाल, अनिल कुमार गजभिये,हरीशंकर चतुर्वेदी,राजनारायन सिंह,भूपेन्द्र बंजारे, रवि चौधरी अखिलेश उपाध्याय ,जांन आर्थर,संदीप कुमार पाण्डेय,भागीरती चंद्राकर, घनस्याम साहू ,संतोष जगन्नाथ नाले, राजेश वर्मा उपास्तिथ थे ।

## खबर संक्षेप



### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में ग्रामीण लाभान्वित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन ग्राम नारधा में किया गया। शिविर में चिकित्सक डां. निशि मिंज, बीपी, शुगर और रक्त जांच हेतु श्रीमती फिरोजा जोसेफ व अशरफ अली, फार्मासिस्ट सुशन जैकब, पंजीयन हेतु श्री मंजूर अली तथा विभाग की ओर से रजनी रजक उपस्थित थी। 66 लोगों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं प्रदान की गई।

### ओर हैंडलिंग प्लांट ने उत्पादन का बनाया रिकार्ड

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के ओर हैंडलिंग प्लांट ने वैगन अनलोडिंग का नया दैनिक रिकार्ड बनाया है। रिकार्ड 759 वैगनों की अनलोडिंग कर, 15 जुलाई को दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ दैनिक रिकॉर्ड 756 वैगन अनलोडिंग को पार किया। बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने ओर हैंडलिंग प्लांट, टी एंड डी और अन्य सभी संबद्ध विभागों की टीमों की हौसलाआफजायी की है। ओएचपी ने वर्तमान वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल से जून 2024 अवधि में अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया था। ओर हैंडलिंग प्लांट द्वारा 5.78 मिलियन टन कुल मटेरियल हैंडलिंग दर्ज की गई जो कि स्थापना के बाद से किसी भी पहली तिमाही की अवधि के लिए सर्वश्रेष्ठ थी।

### औद्योगिक तीर्थ भिलाई का एजुकेशन हब व कला में महती योगदान

# फौलाद ढालने के साथ सामाजिक सद्भाव का संदेश दे रहे हैं कर्मवीर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

श्रमैव जयते की अपनी फौलादी संस्कृति से मिनी इंडिया के नाम से जाने जाने वाला भिलाई पूरे इंडिया में विकास की नई इबारत लिखने मे अहम योगदान दे रहा है। बहुआयामी खासियत से औद्योगिक तीर्थ छह दशकों की यात्रा में अपने महती अवदान के चलते हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है। उत्पादन और उत्पादकता के साथ भाईचारा और सामाजिक सद्भाव का संदेश देने में एशिया का सबसे बड़ा स्टील प्लांट भिलाई इस्पात संयंत्र अनूठा ही नहीं बल्कि प्रेरक भी है।

भारतीय इस्पात उद्योग के इतिहास का भिलाई एक सुनहरा पन्ना है। आधुनिक भारत के निर्माता स्वप्नदृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरु द्वारा इस्पात नगरी को दिए औद्योगिक तीर्थ के नाम के अनुरुप हमारा शहर हर क्षेत्र में सृजन के नए प्रतिमान गढ़ रहा है। कर्मवीरों के मुताबिक यह एक सुखद संयोग है कि बीएसपी की आयु स्वतंत्र भारत से मात्र दस साल कम है, यानी संयंत्र साठ साल से देश के प्रगति रथ का अनुगामी ही नहीं वरन ध्वजवाहक भी बना हुआ है। 2 मर्तबा भिलाई आए पं. नेहरु के 1956 बीएसपी की बुनियाद रखे जाने और 59 में प्रथम राष्ट्रपति डां, राजेंद्र प्रसाद के पहले ब्लास्ट फर्नेस में एक मिलिनटन टन से शुरु हुई यह उत्पादन यात्रा अब 5 मिलियन टन से आगे 7 मिलियन टन की ओर अग्रसर है। छह दशकों के सफर में देश की अर्थ व्यवस्था की बैकबोन संयंत्र ने फौलाद ढालने के साथ औद्योगिक, आर्थिक,सामाजिक, सांस्कृतिक विकास के साथ शहर की सामाजिक समरसता व सद्भभाव में भी महती योगदान दिया है। खेल, कला, संस्कृति, साहित्य, शिक्षा, चिकित्सा, परिधीय विकास में मील का पत्थर साबित हो रहा है। बीएसपी कर्मी व एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी बताते हैं कि भिलाई इस्पात निर्माण ही नहीं कर रहा बल्कि देश को एक साथ मिलजुलकर कैसे काम करना है इसका भी पैगाम दे रहा है। बीएसपी का लोहा आईएनएस विक्रांत से लेकर चंद्रयान के उपग्रह में भी लग रहा है तो भिलाई की पंडवानी गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई को देश दुनिया मे सांस्कृतिक दूत का गौरव हासिल है। बीएसपी जेएनएल हास्पिटल सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा अस्पताल है, हर एजूकेशन हब से हर साल 50 आईआईटियंस निकल रहे हैं। हर देश में यहां के बच्चे हर क्षेत्र में नाम रौशन कर रहे हैं। यहां प्रसिद्ध कलाकार बड़े गुलामअली, तलद महमूद, अल्का याग्निक से लेकर क्रिकेटर सुनील गावस्कर कपिलदेव, कार्टूनस्टि आरके लक्ष्मण व जतिन दास और अधिकतर पीएम सहित तक कई बड़ी हस्तियां आ चुकी हैं।

### उत्पादन के साथ औद्योगिक विकास में अवदान





### चार पद्म अलंकरण प्राप्त हैं कलाकार

3 दशक पूर्व तक भिलाई में 60 हजार कर्मवीर जब साईकिलों और स्कूटरों पर टिफिन लटकाए मेन गेट से इस्पात ढालने जाते थे तो, यह विहंगम दृश्य बालीवुड के प्रसिद्ध निर्माता बीआर चोपड़ा को इतना भावविभोर कर गया कि उन्होंने अपनी फिल्म 58 की नया दौर में बीएसपी के फौलाद ढालते इस प्रेरक दृश्य को फिल्माया था। एक यहां के एक कर्मवीर ने भी भी इस फिल्म में किरदार निभाया था। रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव बताते हैं कि भिलाई के राष्ट्रीय स्तर के थिएटर की पहचान में बीएसपी का अहम योगदान है। इप्टा ने राई नाटक का सौ से अधिक मंचन देश भर में किया। रंगकर्मी व बीएसप से रिटायर कर्मचारी शक्तिपद चक्रवर्ती बताते हैं कि कला संस्कृति को फलने फूलने में यहां की प्रतिभा के साथ भाईचारे के माहौल का बड़ा योगदान है। भिलाई के कलाकार पंडवानी गायिका तीजन बाई को तीनों पद्म अलंकरण तो झाड़ूराम देवांगन, मूर्तिकार जेएम नेलसन,उषा बाई बारले को पद्मश्री से सम्मानित किया जा चुका है। खेलों में बाक्सर राजेंद्र प्रसाद सहित हनुमान सिंह व क्रिस्टी ओलंपियन रह चुके हैं।

### सेक्टर 6 में हैं सर्वधर्म आराध्य स्थल

इस्पातनगरी की सबसे बड़ी कालोनी सेक्टर 6 को सांप्रदायिक सद्भाव के संदेश के लिए भी जाना जाता है। प्रदेश में यह एकमात्र शहर है जहां एक ही स्थान पर कुछ कदमों की दूरी पर सभी धर्मों के आराध्य स्थल हैं। यहां मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघर के साथ सतमानी समाज का सामाजिक भवन भी है। थोड़ी दूर पर शिर्डी साईं मंदिर सामने इंटक यूनियन का श्रम शक्ति सदन है। यह आस्था व श्रम के प्रतीक स्थल सामाजिक सदभाव व श्रमैव जयते का पैगाम दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष व बीएसपी शिक्षा विभाग से रिटायर व्याख्याता रवि श्रीवास्तव बताते हैं कि भिलाई इस्पात संयंत्र के साठ साल के सफर में भिलाई ने एजूकेशन हब से लेकर साहित्य व कला की राजधानी का का सम्मान भी दिलाया । यदि बीएसपी नही होता तो यह सब कुछ भी नही होता।

# जेएलएन हास्पिटल में बढ़ाएं ओपीडी टाइम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- भिलाई इस्पात मजदूर संघ की वाटर मैनेजमेंट के साथ बैठक

भिलाई इस्पात मजदूर संघ के पदाधिकारियों की बैठक वाटर मैनेजमेंट विभाग के साथ हुई। वाटर मैनेजमेंट के सदस्यों द्वारा विभागीय समस्याओं को प्रतिनिधि मंडल के समक्ष रखा गया । सभी के जल्द निदान की मांग की गई। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि बायोमेट्रिक फेस अटेंडेंस मशीनों की गड़बड़ी की कई शिकायत के बादभी मशीनों के कार्य प्रणाली में सुधार नहीं हो रहा है । इससे कर्मचारियों को अत्यधिक असुविधा हो रही है । सदस्यों द्वारा चिकित्सा सेवा की समस्याओं को दूर करने ओपीडी टाइमिंग बढ़ाने की मांग की गई। बताया कि मशीनों में अधिकांश सिंगल पंचिंग 8 घंटा बीतने के बाद भी बीएएमएस डिस्प्ले नहीं दिखता है। बैठक में डब्ल्यूएमडी की तरफ से संजय सकुरे, एसआर कोसले, केपी द्विवेदी, एसके चंद्र, एमके मधु, मोहन देवांगन एवं राजेश पटेल उपस्थित थे। प्रतिनिधि मंडल में संघ के महामन्त्री चन्ना केशवलू, सन्नी इप्पन, आईपी मिश्रा, दिल्ली राव, जगजीत सिंह, विनोद उपाध्याय, प्रदीप पाल, गंगाराम चौबे, सुधाकर वाने, संतोष जगन्नाथ नाले, भागीरथी चंद्राकर ,राजीव सिंह आदि उपस्थित थे।

### अटेंडेंस में गड़बड़ी के लिए जिम्मेदारी तय हो

कर्मचारियों को सालाना मेडिकल चेकअप के लिए ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर भेजा जाता है। उनके हाजरी में गड़बड़ी हो रही है। अधिकारियों को हाजिरी की जिम्मेवारी तय होनी चाहिए ।

### खोपली में चलाया सदस्यता अभियान

**उतई।** भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के अंतर्गत प्रदेश भाजपा नेतृत्व के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान पर मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन अटल समरसता भवन खोपली में किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा थे। कार्यशाला में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व मंत्री श्रीमती रमशीला साहू, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, प्रीतपाल बेलचंदन आदि मौजूद थे।




# श्रमिक नेता गजेंद्र हुए डिस्चार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- पांच दिन पूर्व दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल होने पर जेएलएन हास्पिटल में हुए थे भर्ती

वरिष्ठ श्रमिक नेता गजेंद्र सिंह को बुधवार को बीएसपी सेक्टर नौ हास्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया। इससे परिजनों के साथ यूनियनों आदि विभिन्न संगठनों के लोगों ने उनसे मिलकर जल्द पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की है। उन्हें चिकित्सकों ने घर पर करीब दो महीने पूरी तरह ठीक होते तक कंपलीट बेड रेस्ट करने की सलाह दी है। स्टील वर्कर्स यूनियन इंटक में अध्यक्ष चंदूलाल चंद्राकर व विधायक रहे महासचिव रवि आर्य के साथ वर्षो डीजीएस,उपाध्यक्ष व महासचिव रहने के साथ फेरो इस्पात कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष 81 वर्षीय श्री सिंह को 22 अगस्त को दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल होने के बाद हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। वे जब बीएसपी नगर सेवाएं विभाग के अधिकारियों को सेक्टर 6 मैदान में किए गए पौधारोपण के विवाद मामले की जानकारी देकर निकटस्थ सेक्टर 5 सांसद निवास, सांसद विजय बघेल को इस मामले की वस्तुस्थिति से अवगत कराने पैदल जा रहे थे तो पीछे से एक दोपहिया सवार युवक ने उन्हें ठोकर मारकर गिरा दिया था। उनके हाथ से फाइल व मोबाइल छीनने की भी कोशिश की थी। इससे उन्हें हाथ पांव में गंभीर चोटें आने के साथ हिप में एयर क्रेक हो गया था। ओलम्पियन व बीएसपी के डीजीएम राजेंद्र प्रसाद और कुछ राहगीरों ने उन्हें सेक्टर नौ अस्पताल पहुंचाने में मदद की थी। श्री सिंह को स्वस्थ होने पर आज बुधवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। चिकित्सकों ने उन्हें हिप की टूटी हड्डी के जुड़ते तक दो महीने कंपलीट बेड रेस्ट करने कहा है। श्री सिंह ने कहा कि हिप में एयर क्रेक होने से अभी कुछ दिनों तक खड़े नहीं हो पाने के साथ चल फिर भी नहीं पाएंगे। मां दुर्गा के की असीम कृपा व डाक्टरों तथा हमारे शुभचिंतकों की दुआ से सलामत घर लौट आया हूं।

# भारतीय इस्पात सम्मेलन आज से

- महात्मा गांधी कला मंदिर में जुटेंगे सेल व निजी इस्पात उत्पादक

**भिलाई ।** डीकार्बोनाइजेशन और बुनियादी ढांचे के विकास का महत्व और भूमिका' विषय पर दो दिवसीय भारतीय इस्पात सम्मेलन का उद्घाटन समारोह आज गुरुवार को महात्मा गांधी कला मंदिर में सिविकसेंटर में आयोजित है। इसमें सार्वजनिक व निजी इस्पात उद्योग के टेक्नोक्रेड व उत्पादक आदि शामिल होंगे। आयरन एंड स्टील रिव्यू मैगजीनकोलकाता, इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मेटल्स (आईआईएम) व भिलाई चैप्टर और इंस्टीट्यूशन अफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई सेंटर द्वारा सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से संयुक्त रूप से आयोजित भारतीय इस्पात सम्मेलन का उद्घाटन एस्सार मिनमेट प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी और सेल के पूर्व निदेशक एसएस मोहंती द्वारा किया जाएगा। बीएसपी के प्रभारी निदेशक अनिर्बान दासगुप्ता उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, आईआईएम–रायपुर के निदेशक प्रो. आरके काकानी, सीएसवीटीयू के कुलपति डां. एमके वर्मा, एनआईटी–रायपुर के निदेशक डां. एन वी रमना राव, आईएसआर इन्फोमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी संतोष महंती, आईआईएम भिलाई चैप्टर के उपाध्यक्ष और सीजीएम इंचार्ज तापस दासगुप्ता, अध्यक्ष (आईईआई, बीएलसी) पुनीत चौबे भी उपस्थित रहेंगे। प्रदर्शनी का भी उद्घाटन होगा, जिसमें प्रतिभागी कंपनियों और आपूर्तिकर्ताओं द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में स्टाल भी लगाये जायेंगे। इसके बाद डी–कार्बोनाइजेशन और बुनियादी ढांचे के विकास के महत्व और भूमिका पर पैनल चर्चा होगी। दूसरे सत्र में मुख्य प्रतिवेदन निदेशक (आईआईटी,भिलाई) प्रो. राजीव प्रकाश तथा निदेशक (एनआईटी, रायपुर) डां. एन वी रमना राव द्वारा दिया जायेगा। इसके बाद "इंफ्रास्ट्रक्चर में स्टील की भूमिका" विषय पर श्री सुशीम बनर्जी द्वारा मुख्य प्रतिवेदन दिया जायेगा। दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने वाली विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा कैपेक्स–मुक्त पहल डीकार्बोनाइजेशन, डीकार्बोनाइजेशन मार्गों में प्रौद्योगिकी और एआई की भूमिका, रिफ्रेक्ट्रीज और ग्रीन स्टील, फ्लैट आदि विषयों पर तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए जाएंगे।

### स्वयत्तशासी कर्मचारी महासंघ का पौधारोपण कार्यक्रम

# शांतिनगर में दिया हरितिमा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भारतीय मजदूर संघ का पर्यावरण सप्ताह के तहत स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ और जिला भारतीय मजदूर संघ ने शाँतिनगर में पौधारोपण कर हरितिमा का संदेश दिया। प्रदेश बीएमएस के महामंत्री दिनेश पाण्डेय मुख्य अतिथि थे।

अभा मजदूर संघ द्वारा घोषित कार्यक्रम पंच परिवर्तन के तहत पर्यावरण संरक्षण और प्रबोधन का कार्यक्रम स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ प्रदेश तथा जिला बीएमएस जिला दुर्ग द्वारा शांति नगर सडक 28 में खाल भूमि पर पौधारोपण राज्य कर्मचारी संघ, निर्माणीय मजदूर संघ, ठेका मजदूर संघ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ, इस्पात मजदूर संघ, खदान मजदूर संघ के पदाधिकारी एवं कार्यर्ताओं ने पौधे लगाए। बाद सुपेला बीएमएस.भवन में प्रबोधन (गोष्ठी) का आयोजन किया गया। स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के महामंत्री शरद दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में मजदूर संघ के मिथलेश विश्वकर्मा, हरिशंकर चतुर्वेदी, रवि सिंह, इन्द्रमणि त्रिपाठी,सुरेंद्र चौहाण स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के शरद दुबे अनिल सिंह नगर निगम भिलाई व दुर्ग के रामवृक्ष यादव,कृष्णा देशमुख, शशिभूषण मोहंती, महेश वर्मा, संजय मिश्रा,ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव, राजू चन्द्राकर, आंगनबाड़ी के गुरमीत कौर, बबीता गुप्ता, कलावति, चन्द्रमुखी, खदान मजदूर संघ के अशोक शर्मा, पोष्टल मजदूर संघ के अशोक कुमार ठाकुर आदि उपस्थित थे।



हरिभूमि
रायपुर, गुरुवार 29 अगस्त 2024
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04

'रेनबो' फैशन शो

लाइव इवेंट

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति की थीम पर दी गीतों की शानदार प्रस्तुति



**भिलाई।** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में देशभक्ति गीत प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया। कार्यक्रम में वाणिज्य और प्रबंधन विभाग के 62 प्रतिभागियों नें देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में समूह प्रदर्शन की एक श्रृंखला शामिल थी, जिसमें पांच समूहों ने अंतिम दौर में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा की। आरुष और उनके समूह ने देशभक्ति गीतों की अपनी शानदार प्रस्तुति से निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान सुकन्या शुक्ला और उनके समूह को मिला, जिन्होंने थीम के साथ मेल खाते हुए भावपूर्ण प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में निर्णायक अर्थशास्त्र विभाग की राजलक्ष्मी घोष और अंग्रेजी विभाग की तनुश्री चक्रवती थीं। जिन्होंने प्रस्तुतियों, स्वरों की गुणवत्ता, तालमेल और समग्र प्रभाव के आधार पर मूल्यांकन किया। उन्होंने छात्रों की प्रतिबद्धता और जुनून की सराहना की और प्रत्येक समूह की ताकत को उजागर करते हुए प्रतिक्रियाएं\ दी। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अर्चना झा ने छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को प्रोत्साहित किया और प्रतिभागियों को उनके ऊर्जावान प्रदर्शन की सरहाना की। अकादमिक डीन जे दुर्गा प्रसाद राव ने प्रतिभागियों को देश भक्ति की थीम पर आयोजित प्रतियोगिता में मेहनत और रचनात्मकता के साथ प्रस्तुति देने को सराहा। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में देशभक्ति गीत प्रतियोगिता से छात्रों की संगीत क्षमता व प्रतिभा को मंच मिला, जिससे विद्यार्थियों में नई ऊर्जा के साथ अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आत्मविश्वास बढ़ा दिखाई दिया।



टोरी मोटियारा ग्रुप का आयोजन, 20 से 70 साल की महिलाओं ने लिया भाग

# पटियाला सूट व परांदा लगाकर गिद्दा व भांगड़ा में झूम उठी कुड़ियां टियां दी रानी बनी हरजीत, सेलिब्रेशन में दिखा पंजाबी कल्चर

इन दिनों ट्विनसिटी में सभी समाज के लोगो द्वारा अपनी परंपरानुसार तीज सेलिब्रेशन का आयोजन जगह-जगह किया जा रहा है। महाराष्ट्र की महिलाओं ने जहां श्रावण सखी की थीम पर तीज सेलिब्रेट किया तो वहीं पंजाबी समाज की महिलाओं की टोरी मटियारा ग्रुप (ब्यूटीफूल लेडी) द्वारा टियां सेलिब्रशन (तीज) का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं ने पंजाबी परंपरा को प्रमोट करने और उसे जीवित रखने पूरे आयोजन में पंजाबी तड़का लगाया।




**भिलाई।** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद पत्नी रजनी विजय बघेल उपस्थित थी। इस दौरान पंजाब का गिद्दा-भांगड़ा व टियां क्वीन सहित कई मनोरंजक प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें 20 साल से लेकर 70 साल की सभी महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था। कार्यक्रम में दुर्ग-भिलाई से लगभग सैकड़ों महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



### छत्तीसगढ़ के त्योहारों को आत्मसात करना सराहनीय- रजनी

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि रजनी विजय बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सावन व भादो के महीने में लगभग उत्तर भारत के राज्यों में महिलाओं का प्रमुख पर्व तीज मनाया जाता है। यह पारंपरिक पर्व छत्तीसगढ़, राजस्थान, यूपी, बिहार में पति की दीर्घायु के लिए हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। पंजाबी महिलाओं में करवाचौथ की धूम रहती है। लेकिन वहीं ट्विनसिटी में रहने वाली पंजाबी समुदाय की महिलाओं ने छत्तीसगढ़ के त्यौहारों को आत्मसात करते हुए पंजाबी परंपरानुसार टोरी मुटियारा ग्रुप द्वारा टियां सेलिब्रेट (तीज) किया वो सरहानीय है।



### पारंपरिक नृत्य गिद्दा व भांगड़ा में थिरके लोग

टियां सेलिब्रेशन में जहां पूरा वातावरण पंजाब के थीम में सजा हुआ था तो वहीं सौ से अधिक सदस्यों के ग्रुप की महिलाएं पुरे पंजाब के रंग में सराबोर नजर आई। महिलाओं ने पूरे पंजाबी गेटअप में पटियाला सूट व परांदा लगाकर जोरदार पारंरिक नृत्य गिद्धा किया और धमाकेदार भांगड़ा नृत्य में सभी महिलाएं अपनी जगह पर झूमने लगी। पूरा कार्यक्रम स्थल पंजाब के रंग से सराबोर हो उठा।

### विभिन्न राज्यों की वेशभूषा में दिखी अनेकता में एकता की झलक

अनेकता में एकता की थीम पर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा भिलाई के द्वारा तीज मिलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 10 मण्डलों ने भारत के हर प्रांत को अपने-अपने वेशभूषा और नृत्य द्वारा प्रदर्शित किया। भिलाई महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा, रिकेश सेन, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, रजनी विजय बघेल, शालिनी राजपूत, सरिता मिश्रा, भोजराज सिन्हा सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थी।

### यह रही विजेता

ग्रुप की सदस्य दीप्ती अरविंदर खुराना ने बताया की पंजाबी कल्चर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित टियां सेलिब्रेशन में कई मनोरंजक प्रतियोगिताएं की गई थी जिसमें प्रमुख रुप से जोरदार जोड़ी, टियां दी रानी (तीज क्वींन), तंबोला आदि कई गेम्स हुए। जिसमें टियां दी रानी का खिताब हरजीत कौर को मिला तो वही जोरदार जोड़ी मनप्रीत व सुप्रीत बने। तंबोला में लवली व सतविंदर विजेता बने। सभी आयु वर्गो के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में दीप्ती कौर खुराना, हरविंदर उप्पल, हरशरण रंधावा, लवली रंधावा, रवेका बेदी, सतविंदर गुजराल, गपजीत ढिल्लों सहित दुर्ग-भिलाई की अन्य सदस्याएं प्रमुख रुप से उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन हरशरण व गुरजीत ने किया।



सिटी इवेंट

## 915 नन्हे बच्चों के दांतों की जांच कर ब्रशिंग टेक्निक की दी जानकारी




**भिलाई।** आईडीए दुर्ग-भिलाई शाखा के डॉक्टर्स द्वारा स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से बुधवार को नेहरु नगर के स्कूल में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में दंत विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा 915 बच्चों का परीक्षण किया गया।

शिविर के दौरान सभी बच्चों को विभिन्न ब्रशिंग टेक्निक के साथ स्वस्थ आहार की जानकारी दी गई। डॉक्टर्स दवरा बच्चों को ज्यादा चॉकलेट मीठा, पैक्ड फूड, जंक फूड आदि चीजों को खाने से शरीर व दांतों में होने वाले नुकसान के बारे में बताया। हैंड वॉश टेक्निक, सही ब्रश का चुनाव करने आदि की जानकारी दी। साथ ही बच्चों को घर जाकर पेरेन्ट्स के साथ दी हुई जानकारी को शेयर करने की बातें कही। जिसे सभी बच्चों ने ध्यान पूर्वक सुनकर पूछे गए सवालों का भी तुरंत जवाब दिया।



आईडीए के कन्वेंनर डेंटल हेल्थ डॉक्टर सविता कब्डवाल, उपाध्यक्ष डॉ स्मिता श्रीवास्तव, डॉ सायली कुरैशी, सहायक सचिव डॉ दिक्षाली इंदुरकर, डॉ मीनल साटकार साहू, डॉ श्रेणिक नाहटा, डॉ गौरव पारख, डॉ सोनल जैन, डॉ हर्षिता पटेल, डॉ रानु शर्मा, डॉ प्रियंका सचदेव, डॉ लवप्रीत कौर, डॉ भारती ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में स्माइल फाउंडेशन की संचालिका संतोष खंडूजा व स्कूल की प्राचार्या सविता त्रिपाठी, शिल्पी त्रिपाठी एवं सभी शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।



## स्वयंसेवकों ने टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में लगाए पीपल, नीम और करंज के पौधे

**भिलाई।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वरूपानंद महाविद्यालय द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में एक पेड़ माँ के नाम थीम पर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने टाउनशिप के विभिन्न स्थानों पर पीपल, नीम और करंज के पौधे लगाए।

रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी संयुक्ता पाढ़ी ने कहा कि यह अभियान धरती मां व प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का एक अनूठा प्रयास है। प्रत्येक पौधा एक नई जिंदगी का प्रतीक है और यह हमारे भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करेगा।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ मंजू कनोजिया ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन में वृक्षारोपण करने का विशेष महत्व रखता है। स्वयंसेवकों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। वे हमें ऑक्सीजन देते हैं, मिट्टी को बांधते हैं और जलवायु परिवर्तन को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनकी




देखभाल करनी चाहिए। वृक्षारोपण कार्यक्रम न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि स्वयंसेवकों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी जागृत किया।

## वंदना को मिला राजभाषा विशिष्ट सेवा सम्मान, दिया प्रशस्ति पत्र

**भिलाई।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भिलाई-दुर्ग की 59वीं छमाही बैठक एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह मानव संसाधन सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सहायक निदेशक राजभाषा विभाग मध्य भोपाल हरीश सिंह चौहान थे। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने समारोह की अध्यक्षता की एवं विशिष्ट अतिथि पवन कुमार उपस्थित थे। वर्ष 2023 के दौरान राजभाषा नितियों के कार्यपालन के लिए एचएससीएल भिलाई इकाई को ध्वजवाहक पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया गया। इकाई की ओर से अंचल प्रमुख, महाप्रबंक अभियांत्रिकी एसके सिन्हा एवं राजभाषा अधिकारी वंदना चौधरी ने ग्रहण किया। साथ ही राजभाषा विशिष्ट सेवा सम्मान का प्रशस्ति पत्र देकर वंदना चौधरी को सम्मानित किया गया। नरकस सचिव सैनिक डे ने स्वागत भाषण दिया तथा कार्यक्रम का संचालन उपप्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।



मिट्टी की प्रतिमा बनाने विभिन्न समूहों व कारीगर दे रहे प्रशिक्षण

कार्नर न्यूज

ट्विनसिटी में सभी धर्म व समाजों के सभी छोटे-बड़े तीज त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाए जाते है। जिसमें सबसे खास गणेश पूजा सभी घर, गली-मोहल्लों में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी का पर्व 7 सितंबर से शुरु होगा। जिसके लिए गणेश की प्रतिमाएं व पंडाल सजाएं जा रहे है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण विभाग द्वारा पीओपी की मूर्तियों पर प्रतिबंध लगाया है तो वहीं मिट्टी की प्रतिमाओं को ही बैठाने की अनुमति दी जाती है। विभिन्न समूहों दवरा मिट्टी की ईको फ्रेंडली प्रतिमाओं को बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## इको फ्रेंडली गणेश बनाने वर्कशॉप, 120 छात्रों ने तैयार किए मिट्टी के गणेश, अपने घरों में करेंगे पूजा



**भिलाई।** जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के शिक्षा विभाग द्वारा बुधवार को इको फ्रेंडली गणेश पर वर्कशॉप कराई गई। इस वर्कशॉप में विभिन्न कॉलेजों से आए 120 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कॉलेज से विद्यार्थियों को गणेश मूर्ति निर्माण की आवश्यक सामग्री दी गई। गणेश आकृति की कलाकृति का निर्देशन टुमन पटेल ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को गणेश मूर्ति बनाने की बारीकियां सिखाई।

### प्रतिमा सूखने पर करेंगे सजावट

इस वर्कशॉप में जितनी भी मूर्तियां तैयार की गई है, उनको सूखने के बाद 30 अगस्त को मूर्ति की सजावट की जाएगी। इसके इन मूर्तियों को सभी विद्यार्थी अपने घर ले जा सकेंगे। विद्यार्थियों की बनाई इन मूतियों को विद्यार्थी अपने घर में 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन स्थापित करेंगे। इस वर्कशॉप के दौरान शामिल सभी विद्यार्थियों को मूर्तिकला के दौरान ध्यान रखने वाली बातों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. नीमा एस बालन शामिल रहीं। उन्होंने कहा कि, हम सभी को गणेश उत्सव के दौरान इको फ्रेंडली मिट्टी के गणेश ही बैठाने चाहिए।



## सिटी इवेंट

# श्रावण सखी बनने किया रैंप वॉक, दिया सटीक जवाब



**भिलाई।** नवीन उज्ज्वल मंडल दवरा गायत्री शक्तिपीठ रामनगर में हरियाली क्वींन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान सभी सदस्याएं महाराष्ट्र कल्चर को प्रमोट करती दिखाई दी। नवीन उज्ज्वल मंडल की अध्यक्ष नंदा शेगोकर ने संक्षिप्त रूप से मंडल को आगे बढ़ाने तथा महिलाओं को लघु उद्योग खोलने व स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने के अनेक पहलूओं से अवगत किराया। मंदाताई ने कहा कि उज्ज्वल मंडल एक ऐसा मंडल है, जो सभी के सहयोग व आचार-विचारों से सदैव आगे बढ़ता आया है। जिसमें सदस्याओं की संख्या बढ़ाते हुए और समाज को आगे बढ़ाने की बात कही। श्रावण सखी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माधवी बक्षी व स्वरिता होनपारखे ने दीप प्रज्वलन किया। साथ ही मंडल की महिलाओं के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तीज क्वीन प्रतियोगिता के साथ की गई। मंडल द्वारा इस प्रतियोगिता का नाम श्रावण सखी का दिया गया था। जिसमें बहुत ही रोचक अंदाज में फिल्मी गानों पर महिलाओं ने जमकर डांस किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सदस्याओं ने रैंप वॉक कर प्रश्नोत्तरी राउंड को पार कर तीज क्वीन श्रावण सखी का खिताब अपने नाम किया। श्रावण सखी का ताज संजना निषाद को पहनाया गया। जिसमें द्वितीय वर्षा कापसे, तृतीय पूनम शिरभाते रही। कार्यक्रम में मंडल की सदस्य वनश्री, संगीता, कल्पना, रेखा, सरोज भारती, सुषमा, माला, खुशी, अर्चना, शोभा, ज्योती, निलिमा, प्रतिभा, आशा, दिपाली, सुरेखा, उषा, पल्लवी, क्रांति, जया, विना सहित कई सदस्याएं उपस्थित रही। नवीन उज्ज्वल मंडल के सदस्यों ने सेवा कार्य की कड़ी में मदर टेरेसा आश्रम शांति नगर में फल, मिठाई, बिस्किट, चिप्स आदि बांटे। इस दौरान सरोज साकोरे, वनश्री मर्जिवे, कल्पना पराये, रेखा सावरकर, ज्योती नागपुरे, भारती पुनटकर, संगीता कोसे, खुशी लोणारे, शोभा तिवसकर, नंदा शेगोकर व मन्दाताई कामीनकर ने आश्रम के सदस्यों के साथ समय बिताया।

## जन्माष्टमी के बाद अब मंदिरों में चल रही छट्ठी पर्व की तैयारी

# वासुदेव का मथुरा से गोकुल का सफर और गोपियों की कृष्ण भक्ति, 1 को मनाएंगे छट्ठी

**भिलाई।** भादौ मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान कृष्ण का जन्मोंत्सव सभी स्थानों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसके बाद अब बच्चे के जन्म के बाद घर में मनाएं जाने वाले छट्ठी का पर्व सनातन परंपरानुसार मनाए जाने की तैयारी मंदिरों में शुरु हो गई है। जो कि जन्माष्टमी के छठवें दिन 1 सितंबर यानी रविवार को मनाया जाएगा। ब्रजमंडल सेक्टर 6 स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन किया गया था। इस अवसर पर गाय चराते कृष्ण की झांकी, शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम व मध्य रात्रि लाइट व साउंड शो के द्वारा वासुदेव के मथुरा से गोकुल तक सफर और कृष्ण लीला का जीवंत चित्रण किया गया। काफी संख्या में भक्त देर रात तक कृष्ण भक्ति में डूबे रहे। बाल गोपाल के जन्मोत्सव के बाद अब सभी मंदिरों में छठ्ठी के आयोजन की तैयारी चल रही है।







### विभिन्न द्रव्यों से किया अभिषेक


इस अवसर पर सुबह सरजू प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में अतिथि अनिल मित्तल और सूरज वर्मा सपत्नीक व राजपाल सिंह राघव द्वारा बालकृष्ण स्वरुप लड्डू गोपाल का पंचामृत से महाभिषेक पुष्प आदि से श्रृंगार कर माखन, मिश्री का भोग अर्पित किया गया। जिसके बाद श्रीमद भागवदगीता एवं गोविंद दामोदर स्त्रोत का सस्वर पाठ पंडित सुनील द्विवेदी जी नेतृत्व में संस्कृत के ग्यारह विद्वानों सहित उपस्थित भक्तों द्वारा किया गया। भावना तोमर ने सामूहिक रूप से भागवद्गीता की आरती कर प्रसाद वितरण किया। भगवान गोविन्द के मनोहारी झांकी का अनावरण संजय जैन और अनिल जैन के परिवार द्वारा किया गया। मंदिर में राधा-कृष्ण के युगल विग्रह व झांकी के दर्शन करने पूरे दिन व देर रात तक भक्तों की भीड़ लगी रही। आयोजन के अगले चरण में शाम को शिवशक्ति महिला भजन मंडली द्वारा भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। शाम को महाआरती की गई।

### जन्माष्टमी पर लगाया 56 भोग



राधिका नगर स्थित शिव शक्ति महिला समूह द्वारा शिवालय में जन्माष्टमी का महापर्व हर्षल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान रात 8 बजे से रात 12 बजे तक भजन गायकों द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया एवं महिला समूह द्वारा अपने-अपने घरों में बनाए गए 56 भोग से कृष्ण को भोग लगाया। इस दौरान शैलेंद्र सिंह एवं शैलेंद्र सिन्हा प्रमुख रुप से उपस्थित थे।





जन्माष्टमी पर बच्चियों ने राधा का रूप धारण कर सबका मोहा मन



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कलाकार केके प्यासी के मंच संचालन व निर्देशन में भिलाई के स्थानीय प्रतिभावान कलाकारों द्वारा कृष्ण के भजन, नृत्य नाटिका तथा बाल लीलाओं से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें आरती पूजन-पूजा जान्हवी, वैष्णवी, हिमानी, सलोनी, गुंजन एवं सुरेन्द्र, सत्यभामा एवं रुक्मणी नृत्य नाटिका में मेधा, पूजा, जान्हवी, राम पर आधारित नृत्य नाटिका में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गीतों पर मुरली की धुन, मेधा, पूजा और वेणु, ताण्डव नृत्य में नृत्य निर्देशक वेणु नाग ने सुंदर प्रस्तुति दी। मटकी नृत्य में अर्चना बंसल ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा संस्था की वार्षिक स्मारिका 2024 का विमोचन किया गया। मध्य रात्रि भगवान कृष्ण के बालस्वरुप को पिता वासुदेव का रुप धारण कर डॉ एचआर वार्ष्णेय द्वारा मथुरा से गोकुल तक की यात्रा का सजीव व जीवंत प्रस्तुति साउंड एंड लाइट शो द्वारा दी गई।

## धर्म लाइव

# नवधा रामायण पाठ में आज होगा श्रीराम का राज्याभिषेक



**भिलाई।** राधाकृष्ण मंदिर महेश कॉलोनी में चल रहे नवधा पारायण रामायण पाठ में बुधवार को लगभग 2 हजार से अधिक भक्तों ने एक साथ बैठकर रामायण का पाठ किया। आठवें दिन भक्तों ने अंगद रावण संवाद, लक्ष्मणजी को मूर्छा, श्रीराम का प्रलाप, कुंभकर्ण वध, मेघनाथ वध, रावण वध, अवध को प्रस्थान, भरत हनुमान मिलन, रामजी का भरत और अयोध्यावासियों से मिलन के प्रसंग पर दोहों का पाठ किया। जोधपुर के पं. गोपाल आसोपा और पं. सुशील आसोपा ने श्रद्धालुओं को इन प्रसंगों के पीछे प्रभु श्रीराम के संदशों को भी बताया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आज नवधा रामायण पारायण पाठ का विश्राम दिवस होगा। इस अवसर पर सुबह 9 बजे सुंदरकांड का पाठ व हनुमानजी को सवामणी भोग लगाया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 6.30 बजे रामायण पाठ होगा। जिसमें श्रीराम राज्याभिषेक, भगवान का प्रजा को उपदेश, काग भसुंडी रामायण, काग भूसंडी और लोमश संवाद के प्रसंग पर पाठ किया जाएगा। रामायण पाठ में बुधवार को रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल सपरिवार, बृजमोहन अग्रवाल, सरिता अग्रवाल और डॉ. विनीत माहेश्वरी, डॉ. शुभकीर्ति माहेश्वरी और ब्रह्माकुमारी बहनें शामिल हुईं। इससे पहले मंदिर परिसर में चल रहे श्रीविष्णु महायज्ञ की पूर्णाहुति हुई। यज्ञाचार्य पं. पवन द्विवेदी व विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ हवन, यज्ञ कराया।

## दुर्ग राज का प्रकरण बैठक संपन्न

# पढ़ाई में मदद करने कुर्मी समाज ने बढ़ाया हाथ बैठक में समाजिक प्रकरणों का किया निपटारा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज-दुर्ग राज की बैठक भिलाई-3 के स्वामी आत्मानंद कुर्मी भवन में समाज के महापुरुषों की पूजा-अर्चना कर और दिवंगत स्वजातीय सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। राज प्रधान दुलारी वर्मा का भिलाई-3 इकाई प्रमुख मोरध्वज वर्मा द्वारा सम्मान व केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश वर्मा, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य नीलकंठ वर्मा का स्वागत किया गया। बैठक के दौरान 15 प्रकरण का निपटारा भी किया गया। बैठक में प्रथम एजेंडा छात्रवृत्ति कोष का विस्तार करने बिसौहा राम मढ़रिया एवं ईश्वरी वर्मा ने विस्तृत चर्चा की।राजप्रधान के अपने उद्बोधन में कहा कि महका कला के दुर्गा रानी वर्मा को पढ़ाई में मदद करने ग्यारह हजार रुपए की मदद किया गया। इसके साथा ही राज प्रधान ने समाज के सभी सदस्यों से छात्रवृत्ति कोष में दान करने अपील किया ताकि किसी जरुरतमंद की मदद की जा सके। छात्रवृत्ति कोष में 10 लाख की राशि बैंक में फिक्स कर ब्याज से निर्धन छात्रों का मदद किया जायेगा। दुर्ग राज की निधि वर्मा का नीट पीजी में ऑल इंडिया में 140 रैंक आने पर सम्मानित किया गया। भिलाई-3 चरोदा निगम के अंतर्गत पार्षद नेता प्रतिपक्ष खिलावन वर्मा, महिला बाल विकास प्रभारी दीप्ति आशीष वर्मा, मनीष वर्मा, अभिषेक वर्मा, तुषांत वर्मा का सम्मान किया गया। बैठक के दौरान 15 प्रकरण का निपटारा भी किया गया।

इस प्रकरण बैठक में सलाहकार ईश्वरी वर्मा, बिसौहा वर्मा, राधेश्याम वर्मा, संजय बंछोर, दिनेश वर्मा, योगेंद्र वर्मा, प्रेमलाल वर्मा, सुदर्शन वर्मा, बीटावन वर्मा, राधेश्याम वर्मा, रमाशंकर वर्मा, सुदेश बंछोर, प्रह्लाद वर्मा, उमेश बघेल, मोहेंद्र मढ़रिया, राम प्यारे, गणेश राम, उभय बंछोर, भरत मढ़रिया, केदार वर्मा, मोहन वर्मा, मुकेश वर्मा, डॉ गणेश वर्मा, रमाशंकर वर्मा, हेमंत मढ़रिया, महेंद्र वर्मा, शारदा वर्मा, साधना वर्मा, मंजू वर्मा, टिकेंद्र वर्मा, रेखा वर्मा, तारा कश्यप, वीना वर्मा, उमेश वर्मा, केशरी वर्मा, खिलेश वर्मा, मोरध्वज वर्मा सहित सामाजिक जन उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन

# अम्मान जार्डन में अमन ने फहराया परचम

**भिलाई।** अम्मान जार्डन में आयोजित 18वीं जूनियर एशियन पुरूष हैण्डबाल टीम में स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र अमन राजभर का चयन किया गया था। जहां उसने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। अमन का चयन फेडरेशन कप राष्ट्रीय जूनियर हैण्डबाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम से उल्लेखनीय प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय टीम में किया गया। अमन इसके पूर्व भी सबजूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करता रहा है।



- हैण्डबाल में भारतीय टीम का किया प्रतिनिधित्व

जूनियर एशियन चैपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश वापस होने पर श्री गंगाजली शिक्षण समिति के चेयरमेन आईपी मिश्रा, महाविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, डॉ. मोनिषा शर्मा, प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला, क्रीड़ा अधिकारी एमएम तिवारी एवं समस्त स्टॉफ ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# स्कूल के दिन आये फिर पुस्तक का हुआ विमोचन, हुई चर्चा



**भिलाई।** अगासदिया एवं वैभव प्रकाशन के संयुक्त तत्वावधान में कमलेश चंद्राकर लिखित बाल कविताओं के संग्रह का विमोचन हुआ। स्कूल के दिन आये फिर पर आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि द्वारिका प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि बाल कविताओं की चार किताबें कमलेश चंद्राकर लिख चुके हैं। वे बाल मनोविज्ञान के जानकार हैं। आज सोशल मीडिया ने संसार भर को जोड़ दिया है। अमेजन के माध्यम से प्रिंट मीडिया को भी प्रचार, प्रसार बिक्री का लाभ मिल रहा है। दुनियां बदल रही है, हम जितना ही बदलती दुनिया को साध सकेंगे आगे जाएंगे। अध्यक्ष गिरीश पंकज ने कहा कि बाल कविताओं में अब आधुनिक चुनौतियों का भी समावेश हो रहा है। डॉ. सुधीर शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। कमलेश चन्द्राकर ने सम्मान पाकर वरिष्ठ साहित्यकारों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में संतोष झांझी, बद्री प्रसाद पारकर, डॉ. रविशंकर नायक, बंशीलाल कुर्रे, बलदाऊ राम साहू आदि उपस्थित थे।

## श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट में हुआ आयोजन

कार्नर न्यूज

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता चैट जीपीटी औषधि खोज में ला रही क्रांति, कार्यशाला में दी गई जानकारी

**भिलाई।** श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी कुम्हारी में करियर डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत फार्मेसी तीसरे व चौथे साल के छात्रों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता चैट जीपीटी किस प्रकार औषधि खोज में क्रांति ला रही है विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। वर्कशॉप में बताया गया कि कैसे नई दवाओं की खोज करते वक्त क्लिनिकल डाटा का विशलेषण करते वक्त आर्टिफीसियल इंटेलिजेंसी, चैट जीपीटी टूल का इस्तेमाल किया जा सकता है। वर्कशॉप ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डिप्टी डायरेक्टर ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कार्यशाला में बताया गया कि चैट जीपीटी वर्तमान समय की बढ़ती मांग और निरंतर बदलाव की ओर एक उन्नत एआई मॉडल है जो प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण पर आधारित है। जिसे ओपन एआई ने विकसित किया है और यह मानव-समय के संवाद की तरह ही बातचीत कर सकता है। पिछले कुछ महीनों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल चैट जीपीटी चर्चा में है। कोई कविता लिखनी हो या किसी कंप्यूटर प्रोग्राम के कोट्स लिखने हो चैट जीपीटी इन कार्यो को चंद मिनटों में ही कर के आसान बना देता है।




### छात्रों में दिखा उत्साह

वर्कशॉप में छात्रों को 2-4 के समूहों में बुलाकर चैट जीपीटी कप प्रैक्टिकल के माध्यम से समझाया गया। कि यह ओपन एआई का एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चैटबॉट है। टेक्नोलॉजी की दुनिया में यह एक बड़ा बदलाव है। जो प्री गूगल और पोस्ट गूगल की तरह ही आने वाले समय को अब प्री जीपीटी और पोस्ट जीपीटी में समझाया जाएगा। चैटजीपीटी के पास हर उस सवाल का जवाब है जो इंटरनेट पर मौजूद है, लेकिन यह उसी सवाल का जवाब दे सकता है जो पहले इंटरनेट पर पूछा गया हो। यह एक सॉफ्टवेयर है जो इंटरनेट पर मौजूद जानकारी को पढ़कर जवाब देता है। इस टूल का उपयोग करके छात्रों के बीच उत्साह नजर आया ।

### स्टूडेंट्स को बताये गये चैट जीपीटी का सही उपयोग के तरीके

देश में ज्यादातर इंजीनियरिंग और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट फील्ड में इसका इस्तेमाल हो रहा है। कोडिंग में कोई दिक्कत होने पर इंजीनियर्स चैटजीपीटी से 2 मिनट में समाधान पा सकते हैं। इससे प्रोफेशनल्स की प्रोडक्टिविटी बढ़ती है लेकिन स्टूडेंट्स को इसका इस्तेमाल सावधानी से करना चाहिए। इसके इस्तेमाल के लिए लर्निंग एक्सपीरियंस होना बहुत जरूरी है। तब ही आप यह जान पाएंगे कि चैट जीपीटी का जवाब सही है या नहीं। इस वर्कशॉप के माध्यम से बताया गया कि जवाब सीधे कॉपी-पेस्ट न करें बल्कि उन्हें समझें। याद रखें यह गूगल का विकल्प नहीं है। किसी भी सब्जेक्ट पर विस्तार से जानकारी के लिए गूगल बेहतर है। लेकिन तुरंत नोट्स तैयार करने हैं तो इस स्थिति में चैटजीपीटी गूगल से बेहतर है। कार्यशाला में सुधीर साहू व राकेश यादव का योगदान रहा। आयोजन के लिए रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के उपाध्यक्ष डॉ. जे के उपाध्याय व कैंपस डायरेक्टर डॉ. प्रीति गुरनानी ने छात्रों को शुभकामनाएं दी।

## व्यक्तित्व का राज



## आंखों के रंग में छिपा है आपकी शख्सियत का राज, जानें कैसे

एक कहावत है कि आपकी आंखें आपके बारे में बहुत कुछ बयां कर सकती हैं। वास्तव में ये काफी हद तक सच है कि आंखें आपके भीतर होने वाली गतिविधियों का आईना होती हैं। हालांकि काफी हद तक आंखों का रंग सिर्फ आपकी शारीरिक रचना है, लेकिन अगर हम ज्योतिष की मानें तो हमारे आंखों के रंगों में हमारे व्यक्तित्व का राज छिपा होता है। यदि आपकी आंखें हल्की या मध्यम भूरी हैं तो आप एक मज़ेदार, दूसरों की देखभाल करने वाले और सहज व्यक्ति हो सकते हैं। आप वास्तव में एक विनम्र व्यक्ति हैं और स्वभाव से बहुत स्वतंत्र हैं।

### हरी आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

हरी आंखों वाले लोग आमतौर पर रहस्यमयी होते हैं। इस रंग की आंखों वाले लोगों का दृष्टिकोण रचनात्मक होता है और वे इतने जिज्ञासु होते हैं कि प्रश्न पूछने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। इस तरह के रंग वाली आंखों के लोग जीवंत रहते हैं और युवा व्यक्तित्व से जुड़े होते हैं।

### काली आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

गहरी काली आंखों वाले लोगों के व्यक्तित्व को लेकर अक्सर दिलचस्प धारणाएं होती हैं। काली आंखों वाले लोग आमतौर पर




बहुत आशावादी और जिम्मेदार माने जाते हैं। वे अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को गंभीरता से लेते हैं और अपने कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। वे अपनी व्यक्तिगत बातें और योजनाएं दूसरों से छिपाकर रखते हैं, और केवल अपने सबसे करीबी और भरोसेमंद लोगों के साथ ही अपने दिल की बात साझा करते हैं। उनका यह स्वभाव उन्हें एक रहस्यमयी और आकर्षक व्यक्तित्व प्रदान करता है, जो दूसरों को उनकी ओर खींचता है।

### ग्रे आंखों वाले लोगों की पर्सनैलिटी

आप कई बार ऐसे लोगों से मिलते होंगी जिनकी आंखें ग्रे होती हैं। ऐसी आंखों वाले लोग शांत और संगठित स्वभाव के होते हैं और तनावपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने पर अक्सर मजबूत रहकर महान नेता बनते हैं। कई बार ये व्यक्ति अपने तक ही सीमित रह सकते हैं, लेकिन जब उन्हें सही वातावरण और प्रोत्साहन दिया जाता है, तो वे उन्नति करते हैं और आपको अपने तेज दिमाग और ताकत और दृढ़ संकल्प का सच्चा व्यक्तित्व दिखाते हैं।

### कई प्रवृत्तियां पाई जाती हैं आंखों में



प्रत्येक व्यक्ति की आंखों में स्नेह, विश्वास या निराशा आदि में से कई प्रवृत्तियां पाई जाती हैं, जो उचित समय पर तथा उचित परिस्थिति आने पर स्पष्ट रूप से व्यक्ति के व्यवहार में देखने को मिलती है। अन्तर्मन में क्रोध रखने वाले की आंखें अक्सर लाल दिखाई पड़ती हैं, इसी प्रकार आंखों में अन्य मनोभाव जैसे दिल के अन्दर का प्रेम, करूणा, वात्सल्य इत्यादि का पता स्वतः चलने लगता है। इन्हीं सब आंखों के लक्षणों के अनुसार व्यक्ति की मनःस्थिति का रहस्य उजागर होता है। आंखों की पुतलियों का रंग आईने की तरह इंसान के व्यक्तित्व को दर्शाता है। काली और भूरी आंखें ज्यादातर मनुष्यों की होती हैं, कुछ लोगों की आंखों का रंग धुंधला, हरा, नीला, ग्रे अथवा मिश्रित होता है। नीली आंखों वाले गंभीर एवं शांतिप्रिय, तेज दिमाग के होते हैं, वहीं हरी आंखों वाले अन्य लोगों की अपेक्षा अधिक बुद्धिमान होते हैं। हरी आंखों का संबंध बुध ग्रह से माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र में आंखों की बनावट, आकार-प्रकार, चेहरे पर उनकी स्थिति, रंग और चंचलता, दृष्टि के आधार पर भविष्यवाणी की जाती है।

देश में हर तीसरे व्यक्ति को फैटी लिवर का खतरा


# लाइफस्टाइल की गड़बड़ आदतें बढ़ा रही हैं फैटी लिवर रोग का खतरा, हो जाइए सावधान

लिवर से संबंधित कई तरह की बीमारियां वैश्विक स्वास्थ्य के लिए बड़ा जोखिम रही हैं। लिवर में फैट बनने यानी फैटी लिवर की समस्या का खतरा कम उम्र के लोगों में भी देखा जा रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ जीतेंद्र सिंह ने एक कार्यक्रम में बताया कि देश में हर तीसरे व्यक्ति को फैटी लिवर डिजीज हो सकती है। सभी लोगों को लिवर की बढ़ती इस बीमारी को लेकर सावधानी बरतना और बचाव के लिए उपाय करते रहना जरूरी है। लिवर में फैट जमने का खतरा उन लोगों में भी देखा जाता रहा है जो शराब नहीं पीते हैं। अध्ययनकर्ताओं ने बताया कि इसके लिए लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी एक कारण हो सकती है। वजन अधिक होना, शुगर कंट्रोल में न रहना भी इस रोग का एक बड़ा मानी जाती हैं।आइए जानते हैं कि दिनचर्या की किन आदतों के कारण आप फैटी लिवर रोग के शिकार हो सकते हैं?



### कम कर दें चीनी का सेवन

अध्ययनकर्ताओं ने बताया, फैटी लिवर रोग विशेष रूप से नॉन अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) के लिए अधिक मात्रा में चीनी के सेवन को जिम्मेदार माना जाता है। ये आदत ब्लड शुगर के स्तर को काफी बढ़ा देती है जिससे लिवर में वसा की मात्रा बढ़ने लगती है। कैंडी, आइसक्रीम और मीठे पेय भी आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। ज्यादा चीनी का सेवन करते हैं तो सावधान हो जाइए।



### लिवर में फैट बनने के क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कई कारण हैं जो लिवर में फैट की मात्रा बढ़ाने वाले हो सकते हैं। हाई कैलोरी वाली चीजें खाने से जोखिम बढ़ सकती है। जब हमारा लिवर, फैट वाली चीजों को सामान्य रूप से संसाधित और विघटित नहीं कर पाता है तो इसके कारण फैट जमने का खतरा हो सकता है। मोटापा, मधुमेह या हाई ट्राइग्लिसराइड्स जैसी कुछ अन्य स्थितियों से पीड़ित लोगों में भी फैटी लिवर विकसित होने की आशंका अधिक होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, फैटी लिवर की दिक्कत से बचे रहने के लिए लाइफस्टाइल में कुछ जरूरी बदलाव किए जाने आवश्यक हैं।

### शारीरिक रूप से सक्रिय न रहना खतरनाक

नियमित व्यायाम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। व्यायाम की कमी फैटी लिवर रोग के खतरे को तो बढ़ाती ही है साथ ही इससे शारीरिक और मानसिक कई प्रकार की समस्याओं का खतरा भी हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से न सिर्फ फैटी लिवर के प्रबंधन में मदद मिलती है साथ ही जिन लोगों को ये समस्या नहीं है उनमें ये जोखिमों को भी कम करती है। एनएएफएलडी की समस्या वाले लोगों को सप्ताह में कम से कम 150-300 मिनट के मध्यम एरोबिक व्यायाम करने की सलाह दी जाती है।




## बिस्तर में लेटे-लेटे करें एक्सरसाइज पूरे शरीर की चर्बी होती जाएगी कम

मोटापा एक बड़ी समस्या है। यह कई बीमारियों का कारण बन सकता है। बढ़ते वजन को समय रहते कंट्रोल करना जरूरी होता है वरना इसका आपकी सेहत पर बुरा असर हो सकता है। वेट लॉस के लिए लोग कई तरकीब आजमाते हैं। लेकिन, असल में हेल्दी डाइट और एक्सरसाइज, दोनों का सही बैलेंस वजन कम करने के लिए जरूरी है। काफी लोग आलस या टाइम की कमी के चलते जिम नहीं जा पाते हैं या घर पर भा एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं। ऐसे में हम आपको 2 ऐसी आसान एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप बेड पर भी कर सकती हैं। ये पूरी शरीर को चर्बी को कम करती हैं। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड योगा टीचर हैं।

### प्लैंक एक्सरसाइज

इसे आप आसानी से बेड पर कर सकती हैं।इसे करने के लिए, सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं। शरीर को एक सीध में रखें। हथेलियों और पंजों पर दबाव डालते हुए प्लैंक की पोजिशन में आ जाएं। शरीर को एक सीध में रखें।शरीर को ऊपर उठाकर प्लैंक की पोजिशन को कुछ देर होल्ड करें। आपके शरीर का भार पंजों और हाथों पर होना चाहिए। इसे आपको रोज 5 मिनट के लिए करना है। इसे करने से बेली फैट और आर्म फैट कम होता है।



यह एक्सरसाइज पूरे शरीर की चर्बी को कम करने में कारगर है। इससे मसल्स को मजबूती मिलती है।

### रिवर्स क्रंचेज

यह एक्सरसाइज भी बेड पर की जा सकती है। इसे करने के लिए बिस्तर पर कमर के बल लेट जाएं। अब बांहों को सीधा रखें और हथेलियों को नीचे की तरफ रखें।अब 90 डिग्री पर आप अपने घुटनों को बेंड करें और अपने पैरों को ऊपर की ओर उठाएं। आपको अपनी जांघों को फ्लोर से 90 डिग्री पर रखें।हथेलियों पर दबाव डालें और हिप्स को ऊपर की ओर उठाएं।घुटनों को सीने की तरफ करें। इसके बाद, हिप्स को वापिस नीचे की तरफ ले जाएं। इसी तरह से इसे दोहराएं। इस एक्सरसाइज को करने से पेट और हिप्स की चर्बी कम होगी। इससे जांघों की मांसपेशियों पर भी दबाव पड़ता है।

बिस्तर में लेटे-लेटे इन एक्सरसाइज को करने से आप आसानी से पूरे शरीर की चर्बी को कम कर सकती हैं। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।



## बेलपत्र को किन-किन स्थानों पर रखना माना जाता है शुभ, जानिए

वास्तु शास्त्र में सभी चीजों को सही स्थान और दिशा में रखने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है। अब ऐसे में आइए इस लेख में जानते हैं कि बेलपत्र को किन-किन स्थानों पर रखना शुभ माना जाता है।

### पश्चिम दिशा में रखें बेलपत्र

बेलपत्र में पवित्रता और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने की शक्ति होती है। पश्चिम दिशा में रखने से यह नकारात्मक ऊर्जा को सोख लेता है और घर में सकारात्मक वातावरण बनाता है। बेलपत्र की उपस्थिति मन को शांत करती है और घर में शांति और स्थिरता लाती है। सूर्य पश्चिम दिशा में अस्त होता है। सूर्यास्त को दिन का अंत और नए दिन की शुरुआत माना जाता है। इसीलिए इसे परिवर्तन और नए जीवन की शुरुआत का प्रतीक भी माना जाता है। पश्चिम दिशा को शांति और स्थिरता का प्रतीक भी माना जाता है। इसलिए बेलपत्र को पश्चिम दिशा में रखें।

### दक्षिण दिशा में रखें बेलपत्र

वास्तु शास्त्र के अनुसार, दक्षिण दिशा को यमराज यानी मृत्यु के देवता की दिशा माना जाता है। इस दिशा में बेलपत्र रखने से व्यक्ति को ग्रह दोष से छुटकारा मिल जाता है। साथ ही मनोवांछित फलों की प्राप्ति हो सकती है।



### बेडरूम में रखें बेलपत्र

बेलपत्र को हिंदू धर्म में बहुत पवित्र माना जाता है और इसे भगवान शिव को चढ़ाया जाता है। बेलपत्र को पवित्र माना जाता है और इसे पूजा स्थल या मंदिर में रखना शुभ माना जाता है। बेडरूम को आराम और निंद्रा का स्थान माना जाता है। इसलिए इस स्थान पर बेलपत्र रखने से व्यक्ति को नींद अच्छी आती है और घर में सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार होता है।

### पूजा घर में रखें बेलपत्र

बेलपत्र को भगवान शिव का प्रतीक माना जाता है। इसलिए पूजा घर में बेलपत्र अवश्य रखें। ऐसा कहा जाता है कि बेलपत्र पूजा घर में रखने से देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है और उत्तम फलों की प्राप्ति होती है।

## फ्रिज में रखते हैं गर्म खाना सेहत को इससे है नुकसान

फ्रिज में लोग ठंडा गर्म तमाम तरह की चीजें रखते हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं, जो अनजाने में अपने फ्रिज में गर्म चीजों को रख देते हैं। बता दें कि फ्रिज में गर्म खाना रखने के एक या दो नहीं कई सारे नुकसान है।

### बढ़ाता है फ्रिज के तापमान को

जब गर्म खाना सीधे फ्रिज में रखा जाता है, तो यह फ्रिज के अंदर का तापमान बढ़ा सकता है। फ्रिज का आइडियल तापमान 4डिग्री (39फैरनहाइट) होता है। गर्म खाना रखने से यह तापमान अस्थिर हो सकता है, जिससे आपका फ्रिज खराब हो सकता।

### खाद्य पदार्थों का जल्दी खराब होना

गर्म खाने को फ्रिज में रखने से फ्रिज के अंदर के तापमान अनबैलेंस हो जाता है जिसके कारण फ्रिज में रखे दूसरे भोजन जल्दी खराब हो सकते हैं। अगर तापमान 4डिग्री से ऊपर चला जाता है, तो खाद्य पदार्थों के भीतर बैक्टीरिया और कीटाणुओं का विकास तेजी से हो सकता है, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

### गर्मी से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता प्रभावित होना

गर्म भोजन को फ्रिज में रखने से उसकी क्वालिटी और स्वाद पर भी प्रभाव पड़ सकता है। गर्म भोजन ठंडा



होते समय कंप्रेस्ड हो सकता है और इसकी बनावट और स्वाद दोनों प्रभावित हो सकता है। यह भोजन की पोषण वैल्यू को भी प्रभावित कर सकता है।

### फ्रिज के वेंटिलेशन को प्रभावित करना

गर्म खाना फ्रिज के वेंटिलेशन को प्रभावित कर सकता है। जब फ्रिज में गर्म खाना रखते हैं, तो वेंटिलेशन सिस्टम को अधिक काम करना पड़ता है, जिससे फ्रिज की एनर्जी खपत बढ़ सकती है और फ्रिज की लाइफ कम हो सकती है।

### सुरक्षा की समस्या

गर्म खाने को तुरंत फ्रिज में रखने से फ्रिज में रखे और दूसरे भोजन की खराब होने की समस्या हो सकती है। अगर खाना बहुत गर्म होता है, तो फ्रिज के अंदर भाप और नमी उत्पन्न हो सकती है, जिससे दूसरे भोजन की खराब सकता है। इसके अलावा, गर्म खाना रखने से अन्य खाद्य पदार्थों के साथ क्रॉस-कंटैमिनेशन (संक्रमण) का खतरा बढ़ जाता है।

कार्नर न्यूज

एआईटीए सीएसटीए ऑल इंडिया चैंपियनशिप सीरीज जारी

# अखिल भारतीय टेनिस में शानदार खेल के साथ मैदान में डटे हैं देशभर के खिलाड़ी

**रायपुर।** भिलाई टेनिस कॉम्प्लेक्स में आयोजित एआईटीए सीएसटीए ऑल इंडिया चैंपियनशिप सीरीज सीएस 7 अंडर-12 और अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट 2024 के तीसरे दिन बुधवार को अद्वितीय युवा प्रतिभाओं ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। क्वार्टर फाइनल दौर की झलकियाँ रोमांचक और उत्साह से भरी थीं। बालक एकल अंडर-14 बालक एकल अंडर-14 श्रेणी में, महाराष्ट्र के हेरंब पोहाने ने ओडिशा के सूर्या नाइक को 6-3, 6-0 के प्रभावशाली स्कोर के साथ हराकर अपनी उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश के हितार्थ सुराना ने एक रोमांचक मैच में महाराष्ट्र के वेद परदेशी को 4-6, 6-4, 7-5 से हराकर जीत हासिल की।

महाराष्ट्र के लव परदेशी ने ओडिशा के सरीम शेख को 6-0, 6-0 से पराजित करते हुए अपनी उत्कृष्टता साबित की। असम के ईशानदीप बरो ने आंध्र प्रदेश के रेवन्त ऋषि पेंटाकोटा को 6-2, 6-0 के ठोस जीत के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई।

बालिका एकल अंडर-14 बालिका एकल अंडर-14 के क्वार्टर फाइनल भी उतने ही रोमांचक रहे। छत्तीसगढ़ की इशा शर्मा ने महाराष्ट्र की जान्हवी सावंत को 6-0, 6-1 के प्रभावशाली स्कोर के साथ हराकर घरेलू दर्शकों को प्रभावित किया। महाराष्ट्र की समायरा ठाकुर ने अपने राज्य की साथी खिलाड़ी श्राव्या रंभाजनी को 6-2, 6-2 से हराकर आगे बढ़ीं। महाराष्ट्र की हर्षा देशपांडे ने मध्य प्रदेश की शरन्या जोशी को 6-1, 6-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि महाराष्ट्र की अनिका नायर ने असम की क्रिस्टी हालोई को 6-2, 0-6, 7-5 के तनावपूर्ण मुकाबले में मात दी।

बालक एकल अंडर-12 बालक एकल अंडर-12 के क्वार्टर फाइनल में असम के ईशानदीप बरो ने महाराष्ट्र के वेद परदेशी को 6-4, 6-1 से हराकर अपनी अच्छी फॉर्म जारी रखी। आंध्र प्रदेश के रेवन्त ऋषि पेंटाकोटा ने मध्य प्रदेश के विहान नवाब को 6-2, 6-3 से मात दी। महाराष्ट्र के लव परदेशी ने महाराष्ट्र के ही समन्यु जैन को 6-2, 6-2 के ठोस जीत के साथ हराया, जबकि ओडिशा के सूर्या नाइक ने मध्य प्रदेश के हितार्थ सुराना को 3-6, 6-4, 6-3 से हराकर शानदार वापसी की।

बालिका एकल अंडर-12 बालिका एकल अंडर-12 के क्वार्टर फाइनल में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। महाराष्ट्र की जान्हवी सावंत ने अपनी राज्य की साथी खिलाड़ी इनसिया कमल को 6-2, 6-4 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। कर्नाटक की अनीशा मरियन कॉर्नेलियो ने महाराष्ट्र की तियाना ठाक्कर को 6-0, 6-1 के निर्णायक स्कोर से हराया। महाराष्ट्र की हर्षा देशपांडे ने महाराष्ट्र की अन्वी चिटनिस को 6-4, 6-1 से मात दी, जबकि असम की क्रिस्टी



हालोई ने महाराष्ट्र की समायरा ठाकुर को 6-2, 6-0 से हराया।


बालक युगल अंडर-14 बालक युगल अंडर-14 के सेमीफाइनल में महाराष्ट्र के लव परदेशी और हेरंब पोहाने ने महाराष्ट्र के ही सनय नाथानी और देव ठाकुर की जोड़ी को 6-3, 6-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

बालिका युगल अंडर-14 बालिका युगल अंडर-14 के क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक की अनीशा मरियन कॉर्नेलियो और छत्तीसगढ़ की इशा शर्मा की जोड़ी ने छत्तीसगढ़ की अरांचा माथुर और आंवी पटेल की जोड़ी को 6-0, 6-0 से मात दी। महाराष्ट्र की इनसिया कमल और श्राव्या रंभाजनी की जोड़ी ने भी अगले दौर में प्रवेश किया, छत्तीसगढ़ की अइयाना कपूर और रिया राय को 6-1, 6-3 से हराया। बालक युगल अंडर-12 बालक युगल अंडर-12 के क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश के विहान नवाब और छत्तीसगढ़ के एकलव्य राजपूत की जोड़ी ने छत्तीसगढ़ के अंशुमान साहू और शिवांश सिंह की जोड़ी को 6-4, 6-1 से हराया। महाराष्ट्र के अरिनजय बांग और वेद परदेशी की जोड़ी ने ओडिशा के गौरीशंकर पांडा और सरीम शेख को 6-0, 7-5 से मात दी। इसी बीच, महाराष्ट्र के ईवान जैन और समन्यु जैन की जोड़ी ने छत्तीसगढ़ के आदित्य कोठारी और विवान कोठारी को 6-1, 6-0 के ठोस जीत के साथ हराया।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एमिनेम की बेटी ने बताया कैसे लगते है पिता के गाने, मॉकिंगबर्ड सुनकर आ जाता है रोना



मशहूर रैपर एमिनेम के नए गाने 'समबडी सेव मी' को उनके प्रशंसक पसंद कर रहे हैं। एमिनेम की बेटी हेली जेड स्मिथ ने हाल ही में, अपने पॉडकास्ट में अपने पिता के गानों पर बातचीत की है। उन्होंने बताया कि उन्हें पिता के गाने सुनकर कैसा लगता हैं। हेली जेड स्मिथ 'जस्ट ए लिटिल शेडी' नाम से एक पॉडकास्ट चलाती हैं। इसमें उन्होंने कहा कि बड़े होने के साथ-साथ उनका अपने पिता के गाए गानों को सुनना कम हो गया है। हेली ने कहा कि वो बिना आंसू छलकाए 'मॉकिंगबर्ड' गाने को नहीं सुन सकती हैं। पिता के नए गाने 'समबडी सेव मी' को लेकर भी उनका यही कहना था। हेली ने बताया कि एमिनेम के गाने 'टेम्परेरी' और 'समबडी सेव मी' में से वो 'टेम्परेरी' को सुनकर ज्यादा रोई थीं। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि दोनों ही गानों को सुनकर वो रो दी थी। उन्होंने कहा कि पिता के कुछ पुराने गानों को सुनना उनके लिए काफी मुश्किल है। एमिनेम की बेटी हेली 28 साल की है। उन्होंने अपने प्रेमी इवान मैकक्लिंटॉक से शादी की हैं। वो एक सोशल मीडिया पर्सनैलिटी हैं। उन्होंने अपने पॉडकास्ट 'जस्ट ए लिटिल शेडी' का नाम अपने पिता के हिट गाने 'द रियल स्लिम शेडी' की तर्ज पर रखा है। इस पॉडकास्ट में उन्हें पॉप कल्चर और उनके जीवन के बारे में बात करते हुए सुना जा सकता है।

### टॉलीवुड


## मलयालम एक्टर्स एसोसिएशन से अध्यक्ष मोहनलाल का इस्तीफा



मलयालम फिल्म उद्योग में यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर भूचाल आया हुआ है। निर्देशक रंजीत और अभिनेता सिद्दीकी के बाद अब अभिनेता मोहनलाल के नेतृत्व वाली मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में इस वक्त भूचाल आया हुआ है। फिल्म इंडस्ट्री में यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद लगातार खलबली मची हुई है। अब मशहूर अभिनेता और कलाकारों के संघ, एएमएमए के अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे मोहनलाल ने भी पद से हटने का फैसला किया है। एक स्थानीय टीवी चैनल रिपोर्टर की एक रिपोर्ट में जानकारी देते हुए बताया गया है कि अभिनेता और उनके कार्यकारी सदस्यों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेता ने केरल के सीएम को अपने फैसले के बारे में सूचित कर दिया है। उनके इस फैसले के बाद जल्द ही एक आधिकारिक नोट जारी किया जाएगा। गौरतलब है कि उनका ये इस्तीफा एसोसिएशन में अभिनेताओं के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों के बाद आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मोहनलाल ने उन सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने एसोसिएशन और इसकी समस्याओं की आलोचना की है। अभिनेता ने कहा है कि एएमएमए को जल्द ही नया प्रबंधन और नेतृत्व मिलेगा। अभिनेता मोहनलाल के नेतृत्व वाली मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दिया है। अभिनेता समेत सभी 17 कार्यकारी सदस्यों ने इस्तीफा दिया है। साल 2017 में अभिनेत्री उत्पीड़न मामले के बाद केरल सरकार की ओर से गठित न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट के बाद से हड़कंप मचा हुआ है। इस रिपोर्ट में मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं के उत्पीड़न और शोषण के मामलों का खुलासा हुआ है, जिसके बाद रविवार को फिल्म उद्योग से दो इस्तीफे दिए गए। निर्देशक रंजीत ने केरल चलचित्र अकादमी के अध्यक्ष पद और अभिनेता सिद्दीकी ने ए.एम.एम.ए. (एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स) के महासचिव पद से इस्तीफा दिया था।

### भोजपुरी

## जन्माष्टमी पर अक्षरा ने गाई सोहर नया गाना हुआ जमकर वायरल



कृष्ण जन्माष्टमी के खास मौके पर राधा-कृष्ण के भक्ति गीत खूब चले। इस मौके पर भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह का गाना सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। इसमें एक्ट्रेस राधा रानी के रूप में नजर आ रही हैं। अक्षरा सिंह अभिनय के साथ-साथ गायिकी का भी हुनर रखती हैं। उनके गाने खूब हिट होते हैं। अब जन्माष्टमी के अवसर पर उनका गाना 'शोर मची है जी शोर मची' है बवाल काट रहा है। इस गाने को 'हरि बोल' यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया है। जन्माष्टमी के त्योहार में यह गाना और रौनक जोड़ देगा। इसे अक्षरा सिंह ने गाया है। अक्षरा सिंह ने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट साझा कर गाना रिलीज होने की जानकारी फैंस को दी है। इसके साथ उन्होंने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई भी दी है। अक्षरा ने लिखा है, 'जन्में कृष्ण कन्हैया मोहल्ले में शोर मची है'। इसके अलावा लिखा है, 'जय श्री कृष्णा। हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं'। अक्षरा सिंह के गाने पर फैंस के कमेंट आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आपके इस गाने ने हमारे त्योहार की रौनक बढ़ा दी है'। वहीं एक यूजर ने लिखा, 'गाना तो अच्छा है ही, आपका अंदाज भी गाने में खूबसूरत है'। अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा की चर्चित अदाकारा हैं।

### 'रेनबो' फैशन शो

लाइफ स्टाइल



लोटस मेक-अप इंडिया फैशन वीक नई दिल्ली का एक प्रतिष्ठित आयोजन बन चुका है। फैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ़ इंडिया की यह पेशकश पिछली बार एक अनूठे ग्रैंड फिनाले के साथ पूरी हुई। यह एक शानदार 'रेनबो' फैशन शो था, जिसमें देश भर से 40 डिज़ाइनरों ने अपने कलेक्शन पेश किए। मॉडल्स ने रनवे पर बोल्ड डिज़ाइन के साथ वॉक किया।

## होंठों के लिए फायदेमंद है ये घरेलू स्क्रब जानें इसे बनाने और इस्तेमाल का तरीका

अगर आप भी अपने होंठों प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाना चाहते हैं तो आपको घरेलू स्क्रब के बारे में जानना चाहिए। स्क्रब आपके होंठों की त्वचा को एक्सफोलिएट करने और उन्हें मुलायम और स्वस्थ रखने के लिए एक प्रभावी उपाय है।

इस स्क्रब को तैयार करना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक छोटे बाउल में शहद और चीनी को मिलाएं। इसे थोड़ी देर ऐसे ही रखे रहने दें, ताकि चीनी थोड़ी सी नर्म हो जाए। थोड़ी देर के बाद ये स्क्रब इस्तेमाल करने के लिए तैयार है।


### ऐसे करें इस्तेमाल

अब जब ये स्क्रब तैयार है तो इस स्क्रब को अपने होंठों पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं। लगाने के बाद 1-2 मिनट तक होंठों पर अच्छी तरह से मसाज करें। ध्यान रखें कि होंठों की मसाज आपको हल्के हाथ से ही करनी है। मसाज के बाद स्क्रब को एक गीले कपड़े या गुनगुने पानी से साफ कर लें।

इसके बाद आखिर में अपने होंठों पर कोई लिप बाम या नारियल का तेल लगाएं ताकि उन्हें नमी मिले। इस स्क्रब का इस्तेमाल आप हफ्ते में दो से तीन बार कर सकते हैं।

### मिलेंगे ये फायदे

इस स्क्रब के इस्तेमाल से आपको तमाम फायदे मिलेंगे। जैसे कि ये स्क्रब होंठों के कालेपन को दूर करने का काम करता है। इसके साथ-साथ इस स्क्रब में शहद मिले होने की वजह से ये होंठों को नमी और चमक प्रदान करता है।




## साड़ी से लेकर सूट के साथ में बेस्ट लगेंगे जूड़े, जानिए आसान तरीका



फैशन

स्टाइलिश दिखने के लिए सही कपड़े और एक्सेसरीज के अलावा लुक में जान डालने के लिए सही तरह का हेयर स्टाइल भी चुना जाना बेहद जरूरी होता है। बदलते फैशन के दौर में कई तरह के नए हेयर स्टाइल्स आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन इसमें ट्रेडिशनल लुक के साथ में बन हेयर स्टाइल्स को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है।

वहीं छोटी लेंथ होने के कारण बालों का जुदा कई लोग नहीं बना पाते हैं। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं साड़ी और सूट के साथ में बालों का बनाने के आसान तरीके। साथ ही, बताएंगे इन जुड़ा हेयर स्टाइल्स को स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स-



### फ्रेंच बन हेयर स्टाइल

मिनटों में बालों का हेयर स्टाइल बनाना चाहती हैं तो हर तरह की लेंथ पर आसानी से फ्रेंच स्टाइल जुड़ा बन जाएगा। इसके लिए सबसे पहले आप बालों को दो भाग में बांट लें और एक के ऊपर एक 2 पोनीटेल बना लें। अब एक हिस्से के बालों को बैक कोंब करके बेस तैयार कर लें। आप चाहें तो इसके लिए स्टफिंग का ही इस्तेमाल कर सकती हैं। बैक कोंब करके बालों को यू-पिन की मदद से सेट कर लें। बचे हुए बालों के बाकी हिस्से से पहले वाले भाग को कवर कर लें। इसे पिंस की मदद से सेट करने के बाद फ्रेंच बन में आप मनपसंदहेयर एक्सेसरीका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### फ्रंट ब्रेड बन हेयर स्टाइल

बन बनाने के लिए बालों को फ्रंट से भी स्टाइल किया जाना बेहद जरूरी होता है, ताकि आपका लुक कंप्लीट नजर आए। इसके लिए आप फ्रंट स्टाइलिंग के लिए लूज बटरफ्लाई ब्रेड बना लें। बची बालों की लेंथ को आप डोनट की मदद से यू-पिंस लगाकर सेट कर सकती हैं।

### मेसी लुक बन हेयर स्टाइल

बालों के लिए कम समय में सिंपल से ग्लैम और एलिगेंट लुक वाला जुड़ा बनाना चाहती हैं तो इस तरह के मॉडर्न हेयर स्टाइल आपके लिए बेस्ट रहेगा। इस तरह के बन हेयर स्टाइल को आप वेस्टर्न से लेकर ट्रेडिशनल वियर के साथ में बनाया जा सकता है।

## हाथों की सुंदरता बढ़ाने के लिए पहनें ऐसे ब्रेसलेट



हाथों की सुंदरता बढ़ाने के लिए हम अक्सर चूड़ी या कंगन खरीदते हैं। लेकिन हर ड्रेस के ऊपर यह चीजें अच्छी नहीं लगती है। इसके लिए आप हाथों में ब्रेसलेट को स्टाइल कर सकती हैं। ब्रेसलेट को आप एथनिक से लेकर वेस्टर्न हर तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### क्रिस्टल डिजाइन वाला ब्रेसलेट

आप अपने हाथों में क्रिस्टल डिजाइन वाला ब्रेसलेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको पूरे ब्रेसलेट में क्रिस्टल डिजाइन मिलेगा। इसके साथ ही, अगर आपको किसी बर्ड या फ्लावर का डिजाइन चाहिए तो ऐसा ब्रेसलेट भी मिल जाएगा। इस तरह के ब्रेसलेट एथनिक के साथ-साथ वेस्टर्न ड्रेस के साथ पहन सकते हैं। इस तरह के ब्रेसलेट आपको मार्केट में 100 से 200 रुपये में आर्टिफिशियल ज्वेलरी डिजाइन में मिल जाएंगे।

### स्टोन डिजाइन वाले ब्रेसलेट

आप अगर स्टोन पहनना पसंद करती हैं, तो इसके लिए आप स्टोन वर्क वाले ब्रेसलेट को खरीद सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट डिजाइन आपको कई सारे स्टोन कलर और डिजाइन में मिल जाएंगे।

## सूट के साथ ट्राई करें खास नेल आर्ट डिजाइंस

हरतालिका तीज आने वाली है और इस मौके पर सूट या साड़ी को सबसे ज्यादा पहना जाता है। हरतालिका तीज के लिए खास नेल आर्ट अपनाने जानिए इसका सही तरीका-



### स्टोन नेल आर्ट डिजाइन

स्टोन में आपको कई तरह के डिजाइन और कलर ऑप्शन देखने को मिल जाएंगे। नाखूनों को फैंसी लुक देने के लिए आप किसी भी कलर का नेल पेंट लगाकर इस पर ग्लिटर ग्लू की मदद से स्टोंस को चिपका सकती हैं। स्टोन के साइज के लिए आप छोटे आकार को चुनें। ऐसा इसलिए क्योंकि छोटे नाखूनों पर बड़े साइज के स्टोन अच्छे नहीं लगते हैं।

### पेस्टल नेल आर्ट डिजाइन

सोबर लुक में नेल आर्ट ढूंढ रही हैं तो इस तरह से लाइट कलर वाले पेस्टल शेड के नेल आर्ट डिजाइंस को चुन सकती हैं। नेल्स को फैंसी टच देने के लिए आप ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं आप चाहें तो बारीक शिमर पार्टिकल्स की मदद से भी हाथों के एक या दो नाखूनों को सजा सकती हैं।

### शिमर नेल आर्ट डिजाइन

शिमर वाले नेल्स देखने में बेहद खूबसूरत नजर आते हैं। इसके लिए आप नेल पोलिश भी मैट की जगह पर ग्लॉस या शाइन देने वाली ही इस्तेमाल करें। देखने में इस तरह के नेल्स बेहद खूबसूरत लुक देने का काम करते हैं। इस तरह से शिमर को लगाने के लिए आपको मार्केट में अलग से शिमर वाली नेल पोलिश मिल जाएगी। आप इसे अलग से भी ग्लू की मदद से लगा सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### बारिश की विदाई और गर्मी की बेचैनी के बीच अपनाइए खास फैशन

## जींस के साथ ऐसे पहनेंगे प्रिंट तो लुक में मिलेंगे फुल मार्क्स, टॉप टिप्स आपके लिए

*जींस आपके फैशन स्टेटमेंट को परफेक्ट बनाती है। लेकिन आपको अभी भी लगता है कि उसमें और भी अच्छे दिख सकते हैं। अब बारिश जा रही है लेकिन गर्मी भी बरकरार है तो आपके लिए मौसम को देखते हुए भी डेनिम पहननी है। इस मौसम में आप प्रिंट भी जरूर पहनना चाहते होंगे। अगर आप जींस और प्रिंट को साथ में पहनना चाहते हैं, वो भी पर्फेक्ट्ली तो हम आपके लिए कुछ टिप्स ले आए हैं। ये टिप्स आपको प्रिंट और डेनिम का कॉम्बिनेशन करना सिखा देंगे।*



### कूल-कूल बेस कलर

डेनिम के साथ प्रिंट शर्ट चुननी है तो सबसे पहले इस शर्ट का बेस कलर बिल्कुल कूल वाला चुन लीजिए। कूल जैसे लाइट ब्लू, लाइट ऑलिव आदि। इस बेस कलर पर डार्क कलर का प्रिंट भी चलेगा। इस शर्ट को जींस में टक इन करके पहनें। लुक बेहद अच्छा आएगा।

### हल्के रंग की डेनिम

आपकी जींस अगर काले, नीले या किसी और रंग में भी हल्के शेड की है तो भी प्रिंटेड शर्ट का लुक अच्छा आता है। लेकिन तब आपको प्रिंट डार्क कलर के चुनने होंगे। इसके साथ सफेद स्नीकर भी कमाल करेंगे।

### एक सी कलर टोन

डेनिम जींस आपकी जिस भी कलर की है, शर्ट भी उसी कलर की चुनिए। शर्ट का बेस कलर जींस जैसा या फिर उससे कुछ हल्का होना चाहिए और इस पर हल्के रंग के प्रिंट हों तो लुक परफेक्ट आएगा।



### पेस्टल कलर चेक शर्ट

प्रिंट में पोल्का डॉट और चेक बेहद कॉमन हैं। लेकिन आप इन्हें भी चुन सकते हैं। आप इनके पेस्टल कलर में चुनाव कीजिए और इन्हें टक इन करके पहनिए। ये लुक आप पर अच्छा लगेगा ही।

### कैजुअल लुक के लिए

आपको कैजुअल लुक चाहिए तो जींस के साथ टाइप सेंट्रिक प्रिंटेड टीशर्ट पहनें। साथ में काले सनग्लासेज भी लगाए जा सकते हैं।